मनेन्द्रगढ़
04 नवंबर 2025 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित




तीन मौके, जब टूर्नामेंट
@ पेज 7

# मोदी बोले- भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर,1 लाख करोड़ की स्कीम लॉन्च की

## कहा- हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के बने भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव (ESTIC) 2025 में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट (R&D) इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (RDI) स्कीम फंड लॉन्च किया।



पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल टेक्नोलॉजी का कन्ज्यूमर नहीं रह गया है। वह टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का पायोनियर बन गया है। दुनिया का सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के पास है।

ESTIC 2025 कॉन्क्लेव 5 नवंबर तक चलेगा। इसमें एजुकेशन, रिसर्च, उद्योग से जुड़े 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी, नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रख्यात वैज्ञानिक, इनोवेटर्स और पॉलिसी मेकर्स शामिल हो रहे हैं।

### पीएम मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

- जब विज्ञान का पैमाना मिलता है, जब नवाचार समावेशी हो जाता है, जब प्रौद्योगिकी परिवर्तन को प्रेरित करती है, तब बड़ी उपलब्धियों की नींव रखी जाती है।
- हम रिसर्च को आसान बनाने पर फोकस कर रहे हैं ताकि भारत में नवाचार का एक मॉडर्न इकोसिस्टम डेवलप हो सके।
- आज भारत के पास दुनिया का सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर है। भारत एथिकल और ह्यूमन सेंट्रिक AI के लिए ग्लोबल फ्रेमवर्क को आकार दे रहा है।
- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को भारत मंडपम में ESTIC कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया।
- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को भारत मंडपम में ESTIC कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया।

**11 सेक्टर्स पर चर्चा होगी :** प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के अनुसार, विचार-विमर्श 11 प्रमुख सेक्टरों पर केंद्रित होगा। इसमें एडवांस मैटेरियल्स एंड मैन्युफैक्चरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायो-मैन्युफैक्चरिंग, ब्लू इकॉनमी, डिजिटल कम्युनिकेशन शामिल हैं।

## तेलंगाना के रंगारेड्डी में बस-डंपर की टक्कर, 19 की मौत,20 घायल

### लोग गिट्टी के नीचे दबे, शवों को निकालने के लिए बस काटनी पड़ी





**रंगारेड्डी, एजेंसी।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गिट्टी से लदे डंपर ने तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (TSRTC) की बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 महीने का बच्चा, 10 महिलाएं और दोनों वाहनों के ड्राइवर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 20 लोग घायल हैं। सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह हादसा हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर चेवेल्ला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में खानपुर गेट के पास हुआ। यह बस विकाराबाद जिले के तंदूर से हैदराबाद जा रही थी। गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बस को सामने से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह डैमेज हो गई और डंपर पर लदी गिट्टी बस के अंदर यात्रियों पर जा गिरी। इससे कई यात्री दब गए। घटना के दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए, जिनमें गिट्टी में दबे यात्री मदद के लिए पुकारते दिखे।

पुलिस और बचावकर्मी लोगों को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। बचाव दल को शवों को निकालने के लिए बस को काटना पड़ा। ड्राइवर और उसकी सीट के पीछे का हिस्सा टक्कर में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां



बैठे अधिकांश यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।

तेलंगाना सरकार ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर हादसे पर तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने दुख जताया। तेलंगाना CMO ने X पर बताया कि सीएम रेड्डी ने अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए औप समय-समय पर हादसे की डिटेल अपडेट के साथ मांगी है।

मुख्यमंत्री ने चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी को हादसे में घायल लोगों को तुरंत हैदराबाद पहुंचाने और उन्हें बेहतर इलाज की व्यवस्था करने का आदेश दिया है। सरकार ने घायल, उनके रिश्तेदारों या परिवार के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9912919545 और 9440854433 जारी किए हैं।

## जोधपुर में एक साथ जली 12 चिता, चीख-पुकार मची,भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर 15 मौतों के बाद एक्शन, हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया

**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान के फलोदी में रविवार शाम करीब 6.30 बजे भीषण सड़क हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 2 महिलाएं घायल हैं। मरने वालों में एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। सभी श्रद्धालु जोधपुर के सूरसागर इलाके के रहने वाले थे। मोक्ष धाम में एक साथ 12 चिता जली तो चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी मोक्ष धाम पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।इससे पहले नैणची बाग के खटुकड़ी का बास में एक घर में 6 शव पहुंचे तो परिवार वाले चीखने लगे। खुश सांखला, उसकी मां मधु सांखला, गीता, सानिया, दिशा और रामेश्वरी की अर्थियां एक साथ उठीं। पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों के लोग पहुंचे थे। सबकी आंखें नम थीं। उधर, भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर एक साथ हुई 15 मौतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को हाईवे किनारे से अवैध ढाबों को हटाया गया। **ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए थे** :टेम्पो ट्रेवलर में सवार सभी लोग देवउठनी एकादशी पर जोधपुर के सूरसागर से कोलायत (बीकानेर) में कपिल मुनि के आश्रम में दर्शन करने के लिए गए थे। लौटते समय मतोड़ा (फलोदी) थाना क्षेत्र में हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो ट्रेवलर के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। मरने वालों में 4 बच्चे, ड्राइवर और 10 महिलाएं शामिल हैं। एडीएम अंजुम ताहिर ने बताया- मृतक आश्रितों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## 30 जून तक कर्जमाफी पर फैसले की बात किसानों का उपहास, उद्धव ठाकरे का सीएम फडणवीस पर तंज



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर जुबानी हमला बोला। ठाकरे ने फडणवीस के उस एलान को लेकर निशाना साधा, जिसमें सीएम ने कहा था कि उनकी सरकार अगले साल 30 जून तक किसानों की कर्ज माफी पर फैसला लेगी। ठाकरे ने कहा कि महायुति सरकार को तुरंत कर्ज माफी लागू करनी चाहिए, ताकि भारी फसल नुकसान झेल चुके किसानों को अपनी जिंदगी दोबारा संवारने में मदद मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि वे 5 नवंबर से चार दिनों के मराठवाड़ा दौरे पर रहेंगे।

## राजस्थान के 11 जिलों में बारिश का अलर्ट,म.प्र.में दो सिस्टम एक्टिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** IMD ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण राजस्थान-छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। यूपी के वाराणसी में कल हुई बारिश ने गंगा के जलस्तर को 8 सेमी बढ़ा दिया है। हिमाचल के 6 जिलों में बर्फबारी और बारिश का अलर्ट जारी हुआ है।

दिल्ली गाजियाबाद में हवा की क्वालिटी अब भी निचले स्तर पर है। दिल्ली में AQI 316 दर्ज किया गया है। आसमान में धुंध की चादर के बीच लोग मास्क लगाकर निकल रहे हैं। वहीं बिहार के दानापुर में भारी बारिश और तेज हवाओं ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजस्थान में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस से आज (सोमवार) 11 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 4 नवंबर को इस सिस्टम का असर और अधिक होने की संभावना है। दोनों ही दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के सभी शहरों का मौसम ड्राय रहा। जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, कोटा, जोधपुर, बीकानेर समेत तमाम शहरों में रविवार दिनभर आसमान साफ रहा, धूप निकली।

## प्रियंका की माला में जबरन घुसे पप्पू

# कांग्रेस नेता बोलीं- नीतीश सरकार दिल्ली से चल रही शाह बोले- लालू-राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ होगा

**पटना/नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव में पहले फेज के प्रचार में 2 दिन बचे हैं। सहरसा में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी सभा की। उन्होंने कहा, देश में कुछ भी होता है तो ये लोग हमारे ऊपर ठीकरा फोड़ते हैं। इन लोगों को अपमान मंत्रालय बना देना चाहिए। प्रधानमंत्री का समय बहुत कीमती होता है, ये फालतू की बातों में आपका समय बर्बाद कर रहे हैं। बिहार की नीतीश सरकार दिल्ली से चल रही है। आपके सीएम की नहीं सुनी जा रही है।





इससे पहले मंच पर जब प्रियंका गांधी को माला पहनाई जा रही थी तब पूर्णिया सांसद पप्पू यादव मंच पर नेताओं को हटाकर माला के अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने प्रियंका गांधी के साथ तस्वीर खिंचवाई। सीतामढ़ी की चुनावी सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, मैं आपको बिहार चुनाव का रिजल्ट अभी बता देता हूं। 14 नवंबर को दोपहर 1 बजे तक लालू-राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। भारी बहुमत से बिहार में NDA की सरकार बनेगी। महाठगबंधन में न नेता है, न नीति है। मालूम ही नहीं है कि कौन, किस सीट से लड़ रहा है।

### ओवैसी का तेजस्वी पर तंज- बाबू, या आप अंग्रेजी में एसट्रीमिस्ट लिख सकते हैं

बिहार के किशनगंज में एक चुनावी रैली में AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा –बाबू, क्या आप अंग्रेजी में एक्सट्रीमिस्ट लिख सकते हैं दरअसल तेजस्वी ने ओवैसी को एक्सट्रीमिस्ट कहा था। ओवैसी ने कहा कि तेजस्वी ने यह शब्द पाकिस्तान से लिया है। ओवैसी ने कहा एक इंटरव्यू में तेजस्वी यादव से पूछा कि उन्होंने ओवैसी के साथ गठबंधन क्यों नहीं किया तब तेजस्वी ने कहा, ओवैसी एक चरमपंथी... एक कट्टरपंथी... एक आतंकवादी हैं।

### मोदी ने धर्म के अपमान पर राहुल गांधी, लालू यादव को घेरा

## पीएम मोदी बोले- राजद-कांग्रेस ने बिहार का विनाश किया, जंगलराज में पुलिस भी सुरक्षित नहीं थी

**पटना, एजेंसी।** जाति आधारित वोटिंग के लिए चर्चित रहे बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से तीन दिन पहले सहरसा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के नंबर-1 नेता राहुल गांधी को सनातन धर्म के अपमान पर घेरा। उन्होंने छठ से लेकर अयोध्या तक की चर्चा की। राहुल गांधी के बेगूसराय में मछली मारने की खबरों से जोड़ते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में निषाद राज का मंदिर बना है। वहां वह कभी नहीं जाते हैं। भगवान राम से अगर तकलीफ है तो निषाद राज जी, सबरी माता और वाल्मिकी जी के मंदिर में ही माथा टेक कर आ जाओ।

उन्होंने लालू प्रसाद की हैलोवीन मनाती तस्वीरों पर भी निशाना साधा और घेरते हुए कहा- राजद और कांग्रेस का परिवार दुनिया भर के त्योहार मनाते हैं। विदेशी त्योहार मनाने पर इन्हें मजा आता है। लेकिन, अब छठ महापर्व मनाने में इन्हें शर्म आती है। छठी मैया का इनलोगों ने अपमान किया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद के नामदार जमीन से भी कटे हुए हैं। यह लोग भांति-भांति के सपने भले देखते हों। अब कांग्रेस के नामदार लोगों को कह रहे हैं जब दिल्ली में उनकी सरकार बनेगी तो बिहार में नालंदा जैसा विश्वविद्यालय बनाएंगे। जब केंद्र में राजद और कांग्रेस की सरकार 10 साल तक



थी, तब भी यही कहते थे कि नालंदा में विश्वविद्यालय बनाएंगे। यह लोग सिर्फ 20 करोड़ देकर भूल गए। इतने में तो गांव में भी एक स्कूल नहीं बनता। जब आपने एनडीए सरकार को मौका दिया।

हमने नालंदा विश्वविद्यालय बनाने के लिए 2000 रुपये दिए। दो हजार करोड़ लगाकर हमलोगों ने नालंदा विश्वविद्यालय का शानदार कैंपस बनाया। यहां पर 21 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ रहे हैं। जिन लोगों ने स्कूल-कॉलेज में ताले लगा दिए। जिन लोगों के राज में ग्रेजुएशन करने में पांच साल लग जाते थे, वह आज बिहार में शिक्षा पर ज्ञान दे रहे हैं। मैं आपलोगों को विश्वास दिलाता हूं कि बिहार में शिक्षा का गौरव फिर से लौटेगा। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले आपस में ही लड़ाई लड़ रहे हैं। विकास की बात इनके मुंह से बेमानी है।

## उत्तराखंड की शौर्य परंपरा देशवासियों के लिए गर्व की बात : राष्ट्रपति

### राज्य स्थापना की रजत जयंती पर विधानसभा के विशेष सत्र को राष्ट्रपति ने संबोधित

**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में भारतीय सेना में सेवा करके मातृ-भूमि की रक्षा करने के प्रति उत्साह दिखाई देता है। उत्तराखंड की यह शौर्य परंपरा सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। भारत का यह पवित्र भूखंड अनेक ऋषि-मुनियों की तपस्थली रहा है।



कुमाऊं व गढ़वाल रेजिमेंट के नाम से ही यहां की शौर्य परंपरा का परिचय मिलता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उत्तराखंड राज्य की स्थापना की रजत जयंती के अवसर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की देव-भूमि से अध्यात्म और शौर्य की परम्पराएं प्रवाहित होती रही हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- बीरेन सिंह के ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ हुई

### रिकॉर्डिंग जांच के लिए फिट नहीं ; मणिपुर के पूर्व सीएम पर हिंसा भड़काने का आरोप

**नई दिल्ली/इम्फाल, एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट (KOHUR) को बताया कि मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह से जुड़े ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ की गई है। दावा किया गया था कि इस ऑडियो क्लिप में पूर्व सीएम ने मैतेई समुदाय को हिंसा भड़काने की इजाजत देने की बात कबूली थी।जस्टिस संजय कुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने



कहा कि गुजरात के गांधीनगर स्थित नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी की एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ऑडियो क्लिप की एडिटिंग की गई थी। वह आवाज की तुलना के लिए साइंटिफिक रूप से फिट नहीं थी। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि प्राइवेट फॉरेंसिक संस्था, ट्रुथ लैब्स की रिपोर्ट में क्लिप की आवाज 93% तक बीरेन सिंह की आवाज से मेल खाती बताई गई थी। उसमें कोई कट या एडिटिंग नहीं मिली थी। भूषण ने कहा कि सरकार को ऑडियो टेप एक साल से भी पहले भेजे गए थे, फिर भी उनकी जांच नहीं हुई। जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि गांधीनगर यूनिवर्सिटी देश की प्रमुख फॉरेंसिक संस्था है और उसकी रिपोर्ट पर शक करने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को रिपोर्ट साझा करने और दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

## सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

### ● सुप्रीम कोर्ट बोला– हम आदेश जारी करेंगे ; मुख्य सचिवों को पेशी से राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा।

मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा। कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी।

जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं




होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। मामले की अलग सुनवाई 7 नवंबर को होगी। 31 अक्टूबर-कोर्ट ने मुख्य सचिवों को पेश होने का निर्देश दिया था सुप्रीम कोर्ट ने 31 अक्टूबर को पिछली सुनवाई में पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को आज पेश होने का निर्देश दिया था। क्योंकि वे कोर्ट के आदेश के बावजूद पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुपालन को दर्शाने वाले हलफनामे दाखिल नहीं कर पाए थे। जस्टिस नाथ ने कहा था- जब हम मुख्य सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहते हैं, तो वे इस पर चुप्पी साधे रहते हैं। हमारे आदेश का कोई सम्मान नहीं है। तो ठीक है, उन्हें आने दीजिए। हम उनसे निपट लेंगे।

## गुजरात में कारोबारी ने पूरे गांव का कर्ज चुकाया,किसानों पर 90 लाख का कर्ज था

### मां की पुण्यतिथि पर पूरे पैसे बैंक में जमा कराए



**अमरेली, एजेंसी।** गुजरात के अमरेली जिले के रहने वाले एक कारोबारी ने अपने पूरे गांव को कर्जमुक्त बना दिया। सावरकुंडला तहसील के जीरा गांव के निवासी बाबूभाई जीरावाला ने अपनी मां की पुण्यतिथि पर गांव के 290 किसानों का पिछले 30 सालों का कर्ज चुका दिया। इसके लिए उन्होंने 90 लाख रुपए दान किए। उनकी इस मदद से गांव के सभी किसान कर्जमुक्त हो गए हैं। 1995 से बैंक के ऋण का मामला लंबित था इस बारे में बाबूभाई जीरावाला ने बताया- हमारे गांव में जीरा सेवा सहकारी मंडल को लेकर 1995 से एक बड़ा विवाद चल रहा था। इस समिति के तत्कालीन प्रशासकों ने किसानों के नाम पर फर्जी ऋण लिए थे, जिससे किसान बहुत दुखी थे। इस ऋण के बोझ के कारण किसानों पर सात से बारह गुना तक का बोझ पड़ गया। किसानों को सरकार से मिलने वाली सहायता, ऋण और अन्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा था। गांव के किसानों को बैंक कोई लोन नहीं देती थी। लोन न मिलने से किसान परेशान थे। कर्ज के चलते जमीनों का बंटवारा तक नहीं हो पा रहा था। इसलिए मेरी माता की इच्छा थी कि उनके पास जो गहने हैं, उसे बेचकर गांव के किसानों का कर्ज चुका दिया जाए।

# 55 किमी लंबा रिंग रोड छह हिस्सों में बांटकर बनेगा आधुनिक राह होगी आसान; छह माह में तैयार होगी डीपीआर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के 55 किलोमीटर लंबे रिंग रोड का सुधार कार्य छह हिस्सों में बांटकर किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की तरफ से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए निजी एजेंसी को नियुक्त कर दिया गया है। छह माह में डीपीआर तैयार हो जाएगी। इसके बाद योजना पर काम शुरू होगा। रिंग रोड उत्तर, दक्षिण और मध्य दिल्ली को जोड़ता है और रोजाना लाखों वाहनों का बोझ उठाता है।

परियोजना का उद्देश्य केवल सड़क चौड़ीकरण या मरम्मत नहीं है बल्कि पूरे रिंग रोड को आधुनिक और सतत परिवहन कॉरिडोर में बदलना है। इसमें एलिवेटेड रोड, ग्रेड सेपरेटर, अंडरपास, पैदल-पथ और साइकिल ट्रैक जैसी आधुनिक संरचनाएं शामिल होंगी ताकि दिल्ली की सड़कों पर जाम और प्रदूषण दोनों में कमी लाई जा सके। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना राजधानी के दीर्घकालिक रोडमैप 2040 का हिस्सा है जिसके तहत दिल्ली को जाम फ्री, प्रदूषण मुक्त और डाटा संचालित शहर के रूप में विकसित करने की योजना है। परियोजना पूर्ण होने के बाद दिल्लीवासियों को जाम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अनुमान है कि यात्रा समय में 30 से 40 प्रतिशत की कमी, ईंधन खपत में गिरावट और प्रदूषण के स्तर में सुधार देखने को मिलेगा। बेहतर संपर्क से औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा।

**तीन चरणों में तैयार होगी डीपीआर** : अमेरिकी कंपनी एईकॉम को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंपनी 24 सप्ताह में परियोजना की रूपरेखा पूरी करेगी जिसमें निम्न तीन चरण शामिल हैं। एक से छह सप्ताह में सर्वेक्षण, स्थलाकृतिक मानचित्रण और मौजूदा ट्रैफिक डाटा का विश्लेषण होगा। 7 से 12 सप्ताह में पर्यावरणीय मूल्यांकन, भूमि सर्वेक्षण और भू-तकनीकी जांच की जाएगी। वहीं, तीसरे चरण में 13 से 24 सप्ताह के दौरान ट्रैफिक मॉडलिंग, अवधारणात्मक डिजाइन और डीपीआर को अंतिम रूप दिया जाएगा। डीपीआर में 3डी मॉडलिंग, लागत अनुमान, पर्यावरणीय प्रभाव अध्ययन और चरणबद्ध निर्माण रणनीति शामिल होगी। परियोजना में हरित और सतत विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। रिपोर्ट में ग्रीन कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी, सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट्स, साइकिल ट्रैक और पैदल अनुकूल डिजाइन जैसे तत्व शामिल होंगे।

**रिंग रोड को स्मार्ट और सुरक्षित बनाना लक्ष्य ~प्रवेश :** पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि रिंग रोड यानी महात्मा गांधी रोड रोड सिर्फ एक परिवहन मार्ग नहीं बल्कि दिल्ली की रीढ़ है। हमारा लक्ष्य इसे अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और तेज बनाना है। यह परियोजना उस नई दिल्ली की दिशा में कदम है जो आधुनिक इंजीनियरिंग और डेटा-आधारित योजना से संचालित होगी। हम सिर्फ सड़कें नहीं बना रहे एक स्मार्ट दिल्ली बना रहे हैं जहां हर फ्लाईओवर, हर चौराहा और हर ट्रैफिक सिग्नल नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। हमारा उद्देश्य सिर्फ अस्थायी सुधार नहीं बल्कि दीर्घकालिक समाधान है। सर्वेक्षण से लेकर क्रियान्वयन तक हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

**क्षेत्रवार जरूरतों के हिसाब से होगा सुधार :** रिंग रोड को छह हिस्सों में बांटकर चरणबद्ध तरीके से पुनर्विकसित किया जाएगा ताकि प्रत्येक खंड का सुधार क्षेत्रवार जरूरतों के हिसाब से किया जा सके। आजादपुर फ्लाईओवर (मंडी) – हनुमान मंदिर (आईएसबीटी)~ 9.5 किमी चंदगी राम अखाड़ा – मजनू का टीला~ 2.5 किमी हनुमान मंदिर (आईएसबीटी) – डीएनडी फ्लाईओवर~ 11.5 किमी डीएनडी फ्लाईओवर – मोती बाग मेट्रो स्टेशन~ 10.5 किमी मोती बाग मेट्रो स्टेशन – राजौरी गार्डन~ 10 किमीराजौरी गार्डन – पैसिफिक मॉल, पीतमपुरा ~ आजादपुर फ्लाईओवर~ 13.5 किमी

## चार साल से फरार साइबर अपराधी गिरफ्तार, नाबालिग से अश्लील तस्वीरें मांगकर करता था ब्लैकमेल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल ने चार साल से फरार चल रहे एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित नाबालिग लड़की को फंसाकर उससे अश्लील तस्वीरें मंगवाने और ब्लैकमेल करने के मामले में वांछित था। पकड़े गए आरोपित की पहचान सुमित कुमार (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को नोएडा सेक्टर-128 से गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली के द्वारका साउथ थाने में दर्ज पॉक्सो और आईटी एक्ट के मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने सोमवार को बताया कि आरोपित ने एक नाबालिग लड़की को फेसबुक पर फिशिंग लिंक भेजकर उसका अकाउंट हैक कर लिया था। उसने लड़की को यह झांसा दिया कि उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें ऑनलाइन लीक हो चुकी हैं और लिंक पर लॉगिन करने को कहा। लॉगिन करते ही आरोपित ने उसका अकाउंट अपने कब्जे में लेकर अश्लील तस्वीरें मांगनी शुरू कर दीं। इतना ही नहीं, उसने तस्वीरें एडिट कर लड़की के परिवार से भी पैसों की मांग की और धमकाया कि अगर पैसे नहीं दिए तो तस्वीरें वायरल कर देगा। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच को मामले की जांच में लगाया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार महिला कांस्टेबल मंजू ने आरोपित को पकड़ने के लिए तकनीकी और मानव खुफिया सूचना जुटाई। लंबे समय तक ट्रैकिंग और निगरानी के बाद पुलिस को पता चला कि सुमित नोएडा में एक आईटी कंपनी में हाउसकीपिंग सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा है।सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने एक नवंबर को नोएडा के शाहपुर गांव के पास एक वाइन शॉप से आरोपित को दबोचा। पूछताछ में आरोपित सुमित ने अपना अपराध स्वीकार किया। उसने बताया कि वह फेसबुक पर फर्जी आईडी से लड़कियों को फंसाकर उनकी सोशल मीडिया जानकारी चुरा लेता था और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे वसूलता था।

**जमानत के बाद भाग गया था बिहार :** जांच में पता चला है कि आरोपित सुमित को 2020 में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन फरवरी 2021 में जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया और अपने गांव मधुबनी (बिहार) चला गया। 26 मार्च 2024 को अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

## पुलिस ने दो लापता नाबालिग को खोजकर परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने दो अलग-अलग मामलों में लापता नाबालिग लड़कियों को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से सकुशल खोजकर परिवार से मिलवाया है। क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पहला मामला थाना अलीपुर का है। जहां 25 अक्टूबर को एक 16 वर्षीय लड़की के लापता होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में एक नवंबर को बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएचटीयू यूनिट ने जांच अपने हाथ में ली। इंस्पेक्टर मनोज दहिया की देखरेख में पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय पूछताछ के बाद टीम ने पता लगाया कि लड़की अपनी मां से झगड़ा होने के बाद घर से निकल गई थी। वह ट्रेन से अपने ननिहाल शाहजहांपुर (उप्र) चली गई और वहीं अपने दादा-दादी के पास रह रही थी। दूसरा मामला – रंहोला से लापता 13 वर्षीय लड़की मिली नजफगढ़ में पुलिस अधिकारी के अनुसार दूसरा मामला थाना रनहौला इलाके का है। जहां 24 सितंबर को एक 13 वर्षीय छात्रा के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मोबाइल कॉल डिटेल और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने पता लगाया कि लड़की अपनी मां से पढ़ाई को लेकर झगड़ा करने के बाद घर छोड़कर अपने मामा के घर नजफगढ़ चली गई थी। पुलिस टीम ने दोनों नाबालिगों को सुरक्षित खोजने के बाद संबंधित थानों को सौंप दिया है, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## हमास ने तीन बंधकों के शव इजराइल को सौंपे



**गाजा पट्टी, एजेंसी।** आतंकवादी समूह हमास ने रविवार शाम तीन और बंधकों के शव रेडक्रॉस के माध्यम से इजराइल को सौंप दिए। इजराइल के अधिकारी तीनों की पहचान की पुष्टि के लिए प्रयासरत हैं। इनमें से एक शव की पहचान सैनिक ओमर न्यूत्रा के तौर पर हुई है। इस बीच इजराइल ने कहा कि गाजा में हमास के अब ठिकाने बचे हैं।

द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की इस घटनाचक्र से जुड़ी रिपोर्ट के अनुसार, एक शव के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिकी-इजराइली सैनिक ओमर न्यूत्रा का है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क निवासी इस व्यक्ति के माता-पिता ने इस बात की पुष्टि की। इजराइली अधिकारियों के अनुसार अगर तीनों की पुष्टि बंधक के रूप में हो जाती है तो उन्हें अभी भी आठ बंधकों के शव और मिलने चाहिए। हमास के बयान के अनुसार, तीन बंधकों के शव रविवार को एक सुरंग से निकाले गए। बयान में, समूह ने एक तस्वीर प्रकाशित की, जिसमें एक शव को बैग में बंद दिखाया गया। इस पर एक मृत बंधक का नाम लिखा था। समूह ने तीन ताबूतों को दक्षिणी गाजा में रेडक्रॉस के प्रतिनिधियों को सौंपा। रेडक्रॉस ने तीनों के ताबूतों को आईडीएफ तक पहुंचाया। इजराइल पहुंचने के बाद शवों को पहचान के लिए तेल अवीव के अबू कबीर फॉरेंसिक संस्थान ले जाया गया।

हमास ने इससे पहले गुरुवार को दो मारे गए बंधकों 84 वर्षीय अमीरम कूपर और 25 वर्षीय सहर बारूक के अवशेष सौंपे थे। इजराइल में दोनों की पहचान के बाद रविवार को उन्हें दफना दिया गया। इजराइल ने आतंकवादी समूह पर 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम के तहत हुई सहमति के अनुसार सभी बंदियों को वापस करने की शर्त पर टालमटोल करने का आरोप लगाया है।

इस समझौते के तहत हमास को 72 घंटों के भीतर सभी 20 जीवित बंधकों को वापस करना था और इसी समय सीमा के भीतर सभी 28 मृत बंधकों का पता लगाना था। इजराइल का आकलन है कि हमास को केवल कुछ ही शवों का स्थान पता था। समूह ने सभी 20 जीवित बंधकों को तो सौंप दिया, लेकिन समय सीमा समाप्त होने तक गाजा में रखे 28 में से केवल चार शव ही लौटाए। उसके बाद से समूह ने धीरे-धीरे 13 और शव लौटाए ।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कुछ घंटे पहले कैबिनेट की साप्ताहिक बैठक में कहा कि गाजा में इजराइली नियंत्रण वाले क्षेत्र में हमास के दो ठिकाने बचे हैं। इनमें एक राफाह में और दूसरा खान यूनिस में है। उन्होंने वादा किया, उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा। नेतन्याहू ने कहा, गाजा में अगर सैनिकों को नुकसान पहुंचाने की कोई कोशिश होती है, हमला जरूर किया जाएगा।

## मेक्सिको में एक मेयर की गोली मारकर जघन्य हत्या

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको के पश्चिमी राज्य मिचोआकान में एक उत्सव के दौरान दर्जनों लोगों की मौजूदगी में एक मेयर की गोली मारकर जघन्य हत्या कर दी गई हालांकि सुरक्षा बलों की तत्काल जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया।

राज्य के अभियोजक कार्लोस टोरेस पिना ने बताया कि उरुआपान नगर पालिका के मेयर कार्लोस अल्बर्टो मैनजो रोड्रिगेज को शनिवार रात शहर के ऐतिहासिक केंद्र में उस समय गोली मार दी गई जब वह डे ऑफ द डेड उत्सव में भाग ले रहें थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने मेयर पर हमला किया और उन्हें सात गोलियां मारीं। मेयर को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। हमले में एक नगर परिषद सदस्य और एक बॉडीगार्ड के घायल होने की भी खबरें हैं। संघीय सुरक्षा सचिव ओमार गार्सिया हार्फुच ने रविवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर घटनास्थल पर ही मारा गया।उन्होंने कहा, इस कायरतापूर्ण कृत्य की हर पहलू से छानबीन की जा रही है।

मिचोआकान मेक्सिको के सबसे हिंसक राज्यों में से एक है और विभिन्न कार्टेल एवं आपराधिक समूहों के बीच यहां जंग छिड़ी रहती है। ये सभी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी के मार्गों और अन्य अवैध गतिविधियों पर अपना नियंत्रण पाने के लिए लड़ते रहते हैं।

इस बीच रविवार को सैकड़ों निवासियों ने रोड्रिगेज की तस्वीरें हाथ में लेकर शहर की सड़कों पर उनके अंतिम संस्कार जुलूस में भाग लिया । सभी ने घटना के प्रति विरोध प्रकट करने और शोक जताने के लिए काले कपड़े पहने हुए थे। उन्होंने न्याय! न्याय! मोरेना बाहर हो! के नारे लगाए , जो मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबाम की सत्ताधारी पार्टी के संदर्भ में थे।

## कनाडाई विदेश मंत्री के भारत दौरे से बिफरे खालिस्तानी चरमपंथी, दूतावास के बाहर किया विरोध प्रदर्शन



**टोरंटो, एजेंसी।**भारत व कनाडा के बेहतर होते रिश्तों से बौखलाए खालिस्तान समर्थकों ने टोरंटो में भारतीय दूतावास के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के निशाने पर हाल ही में भारत दौरा करने वाली कनाडाई विदेश मंत्री अनीता आनंद थीं। खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन के दौरान अनीता आनंद व इंदिरा गांधी को गोली मारते तस्वीरें प्रदर्शित कीं और उनके कटाउट को फांसी पर लटकाया। चरमपंथियों ने कनाडाई विदेश मंत्री का भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसा हश्र करने की धमकी दी। कनाडा के सांसदों ने खालिस्तान समर्थकों की इन हरकतों की कड़ी निंदा की और कहा कि इसे कभी स्वीकार नहीं किया जा सकता। खालिस्तान समर्थकों ने हाल ही में टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शन के दौरान विदेश मंत्री अनीता के भारत दौरे पर आपत्ति जताई। खालिस्तान समर्थक सरबजीत कौर ने खुलेआम अनीता की आलोचना की। उसने अनीता पर भारत का पक्ष लेने और द्विपक्षीय रिश्तों को सामान्य करने में जुटे होने का आरोप लगाया। अफगान तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भूकंप में बल्ख और समंगान प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, जहां कई नागरिकों की मौत हुई। मंत्रालय के यहां जारी एक बयान के अनुसार सैन्य बचाव दल और आपातकालीन सहायता टीमें क्षेत्र में पहुंच गई हैं और लोगों को बचाने, घायलों को स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराने और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शरफत जमान ने यहां एक बयान में कहा कि बचाव टीमें सक्रिय हैं । हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। जमान ने कहा, स्वास्थ्य टीमें क्षेत्र में पहुंच चुकी हैं, और सभी नजदीकी अस्पतालों को सतर्क कर दिया गया है। इस बीच यूएसजीएस ने अपनी पेजर प्रणाली में नारंगी अलर्ट जारी किया है, जो भूकंपों के प्रभाव की जानकारी देता है। इससे संकेत मिलता है कि भूकंप के कारण काफी हानि होने और आपदा के बढ़ने की आशंका है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर मलबे के नीचे फंसे लोगों को बचाने के प्रयासों के वीडियो और इमारतों के मलबों की तस्वीरें साझा की गई हैं।

**कौर का सोशल मीडिया पोस्ट:** कौर ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, इसके लिए उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अतीत में भारत में जो कुछ भी हुआ...वह कनाडा में वर्तमान समय में नागरिकों को कथित तौर पर निशाना बनाने वाले व्यक्ति की प्रशंसा कर रही हैं। वह लोगों को सुरक्षित महसूस करवाने में विफल रही हैं। बता दें कि विदेश मंत्री अनीता आनंद पिछले महीने भारत के आधिकारिक दौरे पर आई थीं, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय रिश्तों को बेहतर करना था।

**पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या वाला कटआउट:** सोशल मीडिया पर जर्नलिस्ट वी नाम से साझा एक पोस्ट में बताया गया कि प्रदर्शन का आयोजन खालिस्तान आंदोलन समर्थक सिख चरमपंथी समूह ने किया। वीडियो फुटेज में चरमपंथी तख्तियां, खालिस्तान समर्थक झंडा व कनाडाई मंत्री को फांसी देने की छद्म तस्वीरें दिखाई देती हैं।

**तनाव कम करने का प्रयास कर रहे भारत और कनाडा:** 2023 में खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो ने इसमें भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता के आरोप लगाए थे। भारत ने आरोपों को खारिज कर दिया था। मेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, यह भूकंप मजार-ए-शरीफ के पास 28 किलोमीटर की खबरें मिली हैं।

## प्रेसिडेंशियल डिबेट में गूंजे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दे, एबीवीपी प्रत्याशी के बोलते ही मचा हंगामा



**दिल्ली, एजेंसी ।** जेएनयू छात्र संघ चुनाव को लेकर रात 12 बजे के बाद प्रेसिडेंशियल डिबेट शुरू हुई। कैंपस परिसर वंदे मातरम, कैंपस लाल है भाई लाल है, जय भीम के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय से लेकर राष्ट्रीय मुद्दों को उठाया गया। डिबेट की शुरुआत एनएसयूआई उम्मीदवार विकास से हुई। उन्होंने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर विरोध दर्ज कराया। पंजाब और हिमाचल प्रदेश में बाढ़ आने पर केंद्र सरकार द्वारा मदद न किए जाने पर सरकार को घेरा। सुप्रीम कोर्ट के जज पर जूता फेंकने को लेकर विरोध दर्ज कराया। विकास ने सरकार को दलित और आदिवासी विरोधी बताया। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने के मुद्दों को भी विकास ने जोरशोर से उठाया। सरकार द्वारा किसानों की जमीन को औद्योगिक घरानों को देने का आरोप भी लगाया।

इसके अलावा गाजा, यूक्रेन के प्रति एकजुटता का आह्वान किया। इसके अलावा कैंपस के मुद्दों पर उन्होंने जेएनयू की लाइब्रेरी में सुविधाओं के अभाव को लेकर चिंता जाहिर की। एबीवीपी से प्रेजिडेंट पोस्ट के उम्मीदवार विकास पटेल के बोलने पर एबीवीपी व वामपंथी छात्र संगठनों में तनातनी बढ़ गई। वापस जाओ के नारे लगे। प्रेसिडेंशियल डिबेट में डफली बजाकर छात्र उत्साह बढ़ाते दिखे। समर्थक हाथों में शहीद भगत सिंह सहित कई दूसरे क्रांतिकारियों की तस्वीर लेकर पहुंचे थे। चुनाव में प्रेजिडेंट पोस्ट पर सात उम्मीदवार मैदान में है। डिबेट में हर उम्मीदवार को 12 मिनट का समय दिया गया। सेंट्रल पैनल में प्रेजिडेंट, वाइस प्रेजिडेंट, सेक्रेटरी और ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है।

## हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान समीर (25) के रूप में हुई है। आरोपित लोनी गाजियाबाद (उप्र) का रहने वाला है। समीर वजीराबाद थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि क्राइम ब्रांच को एक नवंबर को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित समीर दिल्ली के द्वारका इलाके में आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार की देखरेख में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने द्वारका इलाके में जाल बिछाया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान समीर ने वजीराबाद थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि घटना के बाद वह पुलिस से बचने के लिए फरार हो गया था और लगातार ठिकाने बदल रहा था। जांच में पता चला है कि आरोपित समीर 10वीं तक पढ़ा हुआ है और अपने पिता के साथ ज्वेलरी बॉक्स बनाने का काम करता था। किशोरावस्था में वह अपने इलाके के कुछ अपराधियों के संपर्क में आया और धीरे-धीरे आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से मांगा हलफनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मामले पर सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि दिल्ली में कई स्थानों के एयर मानिटरिंग स्टेशन काम नहीं करने की रिपोर्ट है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति से निपटने के लिए उठाये गये कदमों पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले में एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने सोमवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति काफी खराब है और इस मामले पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को दिशा-निर्देश देने की जरुरत है। सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से पेश वकील ने कहा कि पिछली सुनवाई के समय रिपोर्ट दाखिल की गई थी, लेकिन समयाभाव की वजह से रिपोर्ट पर सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस पर विचार किया जा सकता है। तब एमिकस क्यूरी ने कहा कि हालिया मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के वायु गुणवत्ता की मानिटरिंग करने वाले कई स्टेशन काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में ग्रैप को कब लागू करना है ये पता ही नहीं चलेगा। दीपावली के दिन 37 में से केवल 9 मानिटरिंग स्टेशन ही काम कर रहे थे। उच्चतम न्यायालय ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों के निर्माण और बिक्री की सशर्त अनुमति दी थी। कोर्ट ने कहा है कि सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक और रात 8 बजे से लेकर 10 बजे तक ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव और शीर्ष अधिकारियों को किया तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के 27 औद्योगिक इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर एतराज जताते हुए दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को तलब किया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली के मुख्य सचिव को 22 नवंबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। दरअसल, दिल्ली उच्च न्यायालय दिल्ली के औद्योगिक पुनर्विकास और प्रदूषण के प्रबंधन को लेकर स्वत~ संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि अगस्त, 2023 में मंत्रिमंडल के फैसले के बावजूद इन औद्योगिक क्षेत्रों में पुनर्विकास का काम नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि इसे लेकर कोई स्पष्टता नहीं है कि औद्योगिक इलाकों में सीवेज और ड्रैनेज सिस्टम स्थापित करने के लिए कौन जिम्मेदार है। कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव राजीव वर्मा के अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग) बिपुल पाठक, डीएसआईआईडीसी के एमडी नजुक कुमार, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी के सचिव संदीप मिश्रा को अगली सुनवाई में कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वो 10 नवंबर को एक संयुक्त बैठक करें और स्थिति को बेहतर करने के लिए उठाये जाने वाले कदमों को लेकर 15 नवंबर तक हलफनामा दाखिल करें।

# समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न कृ कलेक्टर ने मतदाता सूची पुनरीक्षण

## कोदो-कुटकी पंजीयन और फसल सर्वे को दी सर्वोच्च प्राथमिकता



**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समस्त कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण की जानी चाहिए। इस कार्य के पर्यवेक्षण हेतु जिला और खंड स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अध्ययन कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पारदर्शी ढंग से कार्य करें।

कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2003 में किए गए गहन पुनरीक्षण के आधार पर तैयार मतदाता सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आगामी 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता की जानकारी गणना पत्रक में दर्ज करेंगे और उसकी प्रति मतदाता को प्रदान करेंगे। गणना पत्रक में पारिवारिक संबंध, निवास और अन्य विवरण दर्ज कर सत्यापन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यह कार्य सावधानीपूर्वक किया जाए और वर्ष 2003 की सूची के डाटा से तुलना की जाए, जिससे लगभग 90 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित हो सके। सत्यापन के उपरांत मृत, स्थानांतरित या डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन कर सुधार की कार्यवाही की जाएगी। जिन मतदाताओं का नाम अन्य स्थानों पर दर्ज है, उनका भी सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन न होने की स्थिति में 12 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर पहचान की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कोदो-कुटकी फसलों के पंजीयन पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा पहली बार इन फसलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की नीति लागू की गई है, जो किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम है। पंजीयन की अंतिम तिथि 9 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने पंजीयन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जिले में जो भी किसान कोदो-कुटकी का उत्पादन कर रहे हैं, उन सभी का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। शासन द्वारा कोदो का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3500 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इसके अतिरिक्त किसानों को दोनों फसलों पर 1000 रूपये प्रति क्विंटल बोनस भी मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगी, अतः सभी पात्र किसान निर्धारित समय में पंजीयन अवश्य कराएं।

कलेक्टर ने असमय वर्षा से हुई फसल क्षति के सर्वे के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व और कृषि अधिकारी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और ईमानदारी से सर्वे कर पात्र किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने की दिशा में तत्परता बरतें। उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे शीघ्र सर्वे कार्य प्रारंभ कर प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सर्वे कार्य में लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्र में मौसम की स्थिति पर सतत निगरानी रखें और किसानों से लगातार संवाद बनाए रखें ताकि कोई भी किसान भ्रम या असुविधा का सामना न करे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने संभाग स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की।

## पोस्टर प्रतियोगिता के साथ संपन्न हुआ मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का त्रिदिवसीय कार्यक्रम



**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का त्रिदिवसीय कार्यक्रम हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में तथा डॉ. दीपक अग्निहोत्री के संयोजन में किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन मध्यप्रदेश की बहुआयामी संस्कृतिविषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र गुप्ता ने प्रथम, रूबी साहू ने द्वितीय तथा शैलजा शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. निशा सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के तीसरे दिन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके संयोजक प्रो. प्रवीण कुमार रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में अश्विनी साकेत ने प्रथम, कुमकुम ताम्रकार ने द्वितीय तथा साक्षी शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. ज्योति रजक रहीं।

समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रजापति ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मकता और राज्य की सांस्कृतिक समझ को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ. सुरेंद्र गुप्ता, अनिल केवट सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरपंच ने फर्जी मजदूरी भुगतान के नाम 15 लाख निकाले, सड़क पहली बारिश में बह गई; जिला पंचायत सीईओ से शिकायत



**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** देवसर विधानसभा क्षेत्र की मलगा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर सरपंच पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ से शिकायत करते हुए बताया कि सरपंच ने फर्जी मजदूरी भुगतान के नाम पर करीब 15 लाख रुपए निकाले हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, सरपंच ने बिना कोई कार्य कराए ही कई लोगों के नाम से फर्जी मास्टर रोल तैयार कर बैंक खातों के माध्यम से यह राशि निकाली है। इसके अतिरिक्त, चेक डैम निर्माण में भी 10 लाख रुपए से अधिक की राशि का दुरुपयोग किया गया है।

**पहली बारिश में सड़क उखड़ी:** ग्रामीण राधेश्याम शाह ने बताया कि ग्राम पंचायत में घटिया सड़क का निर्माण कराया गया है, जो पहली ही बारिश में उखड़ गई। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। शिकायतकर्ताओं ने यह भी बताया कि जब कोई ग्रामीण सरपंच से विकास कार्यों की जानकारी मांगता है, तो उन्हें धमकाया जाता है।

शिकायतकर्ता नंदूलाल शाह के अनुसार, जानकारी मांगने पर सरपंच ने ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की धमकी दी थी, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई है।

**सरपंच सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाए:** ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव के खिलाफ जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे ने जनपद पंचायत सीईओ को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित सरपंच के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन



**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** नवम्बर माह के कार्यों की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी एवं अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, विकास आनंद, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ माह का शुभारंभ देशभक्ति एवं उत्साह के माहौल में किया गया।

## आई गॉट कर्मयोगी पर सीखे सप्ताह के अंतर्गत सर्वाधिक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले लोकसेवकों का सम्मान



**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** भारत सरकार के मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित कर्मयोगी एक ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य शासकीय सेवकों को प्रशिक्षित कर उनकी दक्षता एवं कार्यकुशलता में वृद्धि करना है। यह मंच स्व-गति वाले पाठ्यक्रम, वेबिनार और सहकर्मी शिक्षण के माध्यम से शासन, नीति, प्रबंधन एवं तकनीकी कौशल से संबंधित विविध विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है। कर्मयोगी पर सीखे सप्ताह का आयोजन 15 से 21 सितम्बर 2025 के बीच किया गया था। इस अवधि में सीधी जिले के विभिन्न विभागों के लोकसेवकों ने सक्रिय रूप से प्रशिक्षण पूर्ण किया। शासन के निर्देशानुसार, मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर उन लोकसेवकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अधिकतम प्रशिक्षण पूर्ण किए।

म्मानित लोकसेवकों में श्री रघुवंशमणि शुक्ला (जेएसओ, खाद्य विभाग), श्रीमती बिनीता सिंह (ट्रेनर, ई-दक्ष सीधी), डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा (एपीसी, शिक्षा विभाग), चौहान (एजी-3, रोजगार विभाग) शामिल हैं। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सम्मानित लोकसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि मिशन कर्मयोगी जैसे अभिनव प्लेटफॉर्म के माध्यम से शासकीय सेवकों में कार्यकुशलता, जवाबदेही और नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण विकसित हो रहा है।

## पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार, नींद में महिला ने नहीं सुनी थी आवाज; लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के मटिहानी टोला गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। यह घटना 1 नवंबर की रात को हुई, जब पत्नी के नींद से न उठने पर पति नाराज हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रामबहादुर बैगा रात करीब 9 बजे घर लौटा। उसकी पत्नी केशकली बैगा उस समय सो रही थी। पत्नी के न उठने पर रामबहादुर ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी। उसने केशकली को घसीटकर आंगन में लाया और बांस की लाठी से पीटा, जिससे गंभीर चोटें आईं और महिला की मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के समय जब रामबहादुर के माता-पिता ने अपनी बहू को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। वारदात के बाद रामबहादुर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने लगातार तलाशी अभियान चलाकर उसे पड़ोसी गांव से गिरफ्तार कर लिया।

चितरंगी थाना प्रभारी सुदेश तिवारी ने बताया कि आरोपी रामबहादुर बैगा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी को पकड़ने में एसडीओपी चितरंगी राहुल कुमार, निरीक्षक सुदेश तिवारी, उप निरीक्षक सूर्यपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक मोहन पहाड़िया और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## जिला खनिज कार्यालय और ऑडिटोरियम के टेंडर में गड़बड़ी,7.42 करोड़ के भवन निर्माण में सिर्फ एक कंपनी को मिला काम



**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) कार्यालय और ऑडिटोरियम के 7 करोड़ 42 लाख रुपए के निर्माण टेंडर में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। अप्रैल 2024 में आमंत्रित इस टेंडर में सिर्फ एक ही संविदाकार, मेसर्स जीजी इंटरप्राइजेज, इंदौर ने प्रस्ताव दिया था। जानकारी के अनुसार, तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री मनोज बाथम ने इस सिंगल टेंडर को स्वीकृत कर दिया था, जबकि इसकी दर एसओआर से 3.97 प्रतिशत अधिक थी। बाद में बोर्ड ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, एक अन्य ठेकेदार की निविदा को तकनीकी कमी बताकर निरस्त कर दिया गया था।

**सिंगरौली विकास प्राधिकरण ने नहीं दी जानकारी:** आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगने पर सिंगरौली विकास प्राधिकरण (सीडा) ने इसे देने से इनकार कर दिया। इससे टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी को लेकर संदेह गहरा गया है। यह भी चर्चा है कि टेंडर का पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किया गया, ताकि किसी पसंदीदा ठेकेदार को लाभ पहुंचाया जा सके। यह पूरा मामला अब नए कलेक्टर की जांच का विषय बन सकता है। पूर्व प्रभारी ईई मनोज बाथम ने बताया कि उनका तबादला हो गया है और वे इस मामले पर फिलहाल कुछ नहीं कह सकते। हालांकि, विभागीय सूत्रों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया में कई सवालिया निशान हैं।

**कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया:** कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि यह भाजपा सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार का उदाहरण है, जहां सिंगल टेंडर के बावजूद कार्य आदेश जारी कर पसंदीदा ठेकेदार को फायदा पहुंचाया गया। वहीं, सिंगरौली विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री अरविंद मंडराई ने कहा कि विशेष परिस्थितियों में सिंगल टेंडर निकाला गया था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह टेंडर उनके कार्यकाल में नहीं हुआ है और फाइल देखकर ही वे स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे।

## निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ को विभागीय कार्यों से किया जाएगा मुक्त

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य प्रचलित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को जारी निर्देशानुसार जिन कर्मचारियों को बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के रूप में ड्यूटी सौंपी गई है, उन्हें 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक कार्यालयीन कार्यों से मुक्त रखा जाएगा। इस अवधि में बीएलओ अपने मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक का वितरण एवं वापसी का कार्य संपन्न कराएंगे।

अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभाग से नियुक्त बीएलओ कर्मचारियों को उक्त अवधि में विभागीय कार्यों से मुक्त रखने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर, इसकी सूचना तत्काल कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन सदन सीधी को प्रेषित करें।


**मॉग सूचना अपराध अंतर्गत NIA**

नोटिस अजतरफ श्रीजी राजा मैरिज गार्डन द्वारा प्रो. संजीव पाण्डेय तनय श्री राघवेन्द्र पाण्डेय, उम्र 28 वर्ष, पेशा व्यापार, निवासी ग्राम इटौरा, थाना वि.वि. रीवा, जिला रीवा म.प्र. द्वारा **अभिभाषक अखण्ड तिवारी एड.** जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा, जिला रीवा (म.प्र.)

**-नोटिसदाता/प्रथमपक्ष**

**बनाम्**

वीरेन्द्र पाण्डेय उर्फ पंकज पाण्डेय तनय संतोष पाण्डेय, उम्र 35 वर्ष, निवासी कैलाशपुरी वि.वि. रोड़ रीवा, थाना वि.वि. रीवा, जिला रीवा म.प्र.

**- नोटिसग्रहीता/द्वितीयपक्ष**

आप द्वितीयपक्ष द्वारा चेक क्रमांक 000893 दिनांक 2/08/2025 मालियती 90.000/-रू. (नब्बे हजार रू.) आई.सी.आई.सी.आई बैंक के खाता क्रमांक 330501000288 के द्वारा प्रथमपक्ष के नाम जारी किया था। जो प्रथमपक्ष अपने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा वि.वि. रोड अनंतपुर रीवा के खाता क्रमांक 580501010050584 में भुगतान हेतु दिनांक 10.09.2025 को लगाया था जिस पर उक्त चेक दिनांक 12.09.2025 को जो बिना भुगतान हुये चेक अनादरण मेमो के टीप क्रमांक 'Account Closed' की टीप के साथ बैंक द्वारा अनादृरित कर दिया गया था। जिसकी सूचना आपको दूरभाष पर मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष द्वारा दी गई जिस पर मेरे पक्षकार द्वारा आप द्वितीयपक्ष को दिनांक 08.10.2025 को जरिये रजिस्टर्ड पोस्ट आपके स्थायी पते पर नोटिस/मांग की सूचना भेजी गई। जो दिनांक 25.10.2025 को प्राप्तकर्ता का पता नही चला लिखकर नोटिस वापस प्राप्त हुई। **नोटिस भेजे जाने के बावजूद भी आपके द्वारा नोटिस अनुचित कारणो से वापस कराई गई है, जिस कारण** प्रकाशन के माध्यम से आप द्वितीयपक्ष को सूचना दी जाती है कि चेक की राशि 90,000/- रू. तथा अन्य खर्चे प्रथमपक्ष को उक्त नोटिस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर अदा कर पॉवती प्राप्त कर ले, अन्यथा चेक में वर्णित राशि का भुगतान न होने की स्थिति में आप द्वितीयपक्ष के विरूद्ध धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत् प्रकरण प्रथमपक्ष द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा, जिसके संपूर्ण हर्जे खर्चे के जिम्मेदार आप द्वितीयपक्ष होगें।

**भवदीय**
**अखण्ड तिवारी जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) मो.नं.7000936832**


## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस सीधी में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस






**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 1 से 3 नवम्बर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और मध्यप्रदेश गान के सामूहिक गायन से हुई। इस अवसर पर सामान्य ज्ञान, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शिवानी सोंधिया (प्रथम स्थान), विद्याकांत चतुर्वेदी (द्वितीय स्थान), खिलेश्वर साकेत एवं शिवम द्विवेदी (संयुक्त तृतीय स्थान) रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार द्विवेदी ने प्रथम, आतिश गुप्ता ने द्वितीय तथा दीप सिंह चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में तुलसी कोरी प्रथम स्थान पर रहीं।

महाविद्यालय परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। प्राचार्य डॉ. सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का संदेश दिया।

समारोह के संयोजक डॉ. उमाकांत साहू, डॉ. वरुण सिंह एवं डॉ. गुलाम मोईनुद्दीन थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. विभा कुशवाहा, डॉ. नुसरत अली, डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. रविंद्रनाथ सिंह, डॉ. अरशद अयूब तथा दीपशिखा गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

# घुसपैठिए हैं तो भगाओ उन्हें

संपादकीय

बिहार में प्रथम मतदान तीन दिन बाद है। माहौल खूब तप चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस चुनाव में भी घुसपैठियों का मुद्दा शिद्दत से उठाया है। देश के प्रथम गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार पटेल की जन्म जयंती 31 अक्तूबर को थी। उसे हम 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के तौर पर मनाते हैं। उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने घुसपैठ या अवैध प्रवास को 'राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वोट बैंक के लिए सरकारों ने घुसपैठ के प्रति आंखें मूंद रखी हैं और देश की जनसांख्यिकी बदल रही है। उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर मुसलमानों को लक्षित नहीं किया, लेकिन गृहमंत्री ने कहा कि मुस्लिम आबादी 24.6 फीसदी हो गई है। अर्थात् देश में मुसलमान 35-36 करोड़ से अधिक हैं। गृहमंत्री ने तल्खी से कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। मुस्लिम आबादी ही घुसपैठिए हैं, यकीन नहीं होता, क्योंकि बीते दिनों नाइजीरिया, युगांडा, रवांडा, नेपाल आदि देशों के भी अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेजा गया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों का आंकड़ा हम 1975-76 से सुनते आ रहे हैं कि करीब 2 करोड़ बांग्लादेशी हमारे देश में हैं। यह आरएसएस और जनसंघ का बुनियादी, वैचारिक, राजनीतिक मुद्दा रहा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने एक सवाल के जवाब में संसद को बताया था कि घुसपैठियों की संख्या 2 करोड़ से अधिक है।

उनकी गणना मुश्किल है, क्योंकि उनके पास वैध, सरकारी दस्तावेज हैं, बेशक अवैध तरीके से हैं। 2004 में यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने संसद में खुलासा किया था कि देश में 1.2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध प्रवासी हैं। गौरतलब है कि तत्कालीन भारत सरकार ने उन्हें 'घुसपैठिए' करार नहीं दिया था। मौजूदा गृह मंत्रालय का यह भी डाटा है कि देश में 40,000 से अधिक रोहिंग्या मुसलमान भी हैं, जो जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उप्र, राजस्थान और तेलंगाना आदि राज्यों में फैले हैं। रोहिंग्या की अधिकतर घुसपैठ म्यांमार और बांग्लादेश से होती रही है। सवाल यह है कि यदि देश में इतने घुसपैठिए हैं और प्रधानमंत्री अलग-अलग चुनावों में, बार-बार, यह मुद्दा उठाते रहे हैं, स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से 'नेशनल डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा भी की थी, तो इन घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने में सरकार अभी तक नाकाम क्यों रही है? घुसपैठ एक राष्ट्रीय समस्या है अथवा सियासी संग्राम है या देश की सुरक्षा के लिए वे वाकई खतरा हैं, यथार्थ क्या है? प्रधानमंत्री मोदी का बार-बार इस मुद्दे पर चिंता और सरोकार जताना तार्किक नहीं लगता, जबकि मोदी सरकार का घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजने का आंकड़ा 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान ही रहा है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में विकास और जन कल्याणकारी योजनाएं सुनिश्चित करेगी सूबे की दिशा और दशा

**कांतिलाल मांडोत**

बिहार में पहले चरण के लिए 6 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। जैसे -जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे चुनावी प्रचार में भी तेजी आ रही है। सत्ताधारी भाजपा के शीर्ष नेता बिहार में पूरी ताकत झोंके हुए है। मोदी की रैली भाजपा के पक्ष में हवा तेज कर दी है। भाजपा सत्ता वापसी के लिए जबरदस्त रणनीति के साथ आक्रामक प्रचार कर रही है। केंद्र सरकार और बिहार राज्य की ढेरों जनकल्याणकारी योजनाओं पर खासा जोर दिए हुए है। भाजपा इस बात पर भी विशेष जोर दे रही है कि केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होने से जनता को सीधा फायदा मिल रहा है। राज्य में तेज गति के विकास के साथ केंद्र की सरकार से समन्वय करके चलने वाली सरकार की जरूरत थी और केंद्र साथ भी दे रही है। अभी बिहार में जो चुनावी बयार बह रही है उससे यही उभर कर आ रहा है कि भाजपा फिर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर आएगी। राजद बिहार में प्रमुख विपक्षी दल है। कांग्रेस महागठबंधन में गठबंधन में है। जनसुराज अपने बूते चुनाव लड़ रही है। जबकि यह दल नीतीश कुमार सहित सभी दलों की निंदा और आलोचना कर विरोध करके चुनाव में प्रचार पर है। कांग्रेस के किसी रास्ट्रीय स्तर के नेता ने ताल नही ठोकी है। कुछ दिन पूर्व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिहार में महागठबंधन के समर्थन में सभा की गई थी। कांग्रेस का प्रचार अभियान प्रियंका और राहुल के सिर पर ज्यादा दिखाई दे रहा है। शायद दिग्विजय सिहं को बिहार चुनाव प्रचार की कमान सौंपी जा सकती है। कांग्रेस का बिहार में बेहतर अवसर नही है। क्योंकि तीस वर्षो से कांग्रेस सता से बाहर है। कांग्रेस के दिग्गज नेता भी मान रहे है कि बिहार में कांग्रेस के लिए बेहतर अवसर नही हो सकता है। पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस बिहार में सतारूढ़ पार्टी को गैर जरुरी केंद्र का समर्थन बता कर मतदाताओ को भ्रमित कर रही है। जो पिछ्ले कई वर्षो से जनता को करती आ रही है। बिहार में कांग्रेस का समर्थन उसे बांधे रखने में सफल होता दिखाई नही दे रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के घोषणा पत्र जारी कर यहां की जनता को आकर्षित करने वाले कई वादे किए है। 125 यूनिट मुफ्त बिजली,केजी पीजी तक की मुफ्त शिक्षा और महिलाओ को लखपति बनाने के साथ साथ एक करोड़ युवाओ को रोजगार देने का वादा किया गया है। स्थानीय स्तर पर औधोगिकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में आधुनिक विनिर्माण इकाई भी स्थापित की जाएगी। स्कुलो में आधुनिक कौशल प्रयोगशालाए होगी। बिहार में गरीबो के लिए पांच प्रमुख कल्याणकारी वादे किए है। 50 लाख पक्के घरों का निर्माण और सामाजिक सुरक्षा पेंशन हर एक घर को उपलब्ध की जाएगी। महिला शशक्तिकरण एनडीए के घोषणा पत्र का केंद्र बिंदु है। महिलाओ को योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपए तक की वितीय सहायता मिलेगी। करोड़ महिलाओ को। लखपति बनाने का लक्ष्य है। महिला उधमी के लिए उधमो को आगे बढाने में सहायता के लिए मिशन करोड़पति शुरू करने की योजना की घोषणा बिहार में की है। विभिन्न ईबीसी योजनाओ के लिए सरकार दस लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। किसान सम्मान निधि में छह हजार से नौ हजार की गई है। प्रत्येक पंचायत में प्रमुख फसलों के लिए खरीद केंद्र खोले जाने की योजना बना रहे है। बिहार चुनाव में अनेक योजनाओ को लागू करने के लिए मतदाताओ को भरोसा दिलाया है। मजबूत सरकार की आज के दौर में जरूरत है। जबकि केंद्र और राज्य सरकार घुसपैठियों के लिए कार्य कर रही है। उनको खदेड़ा जाएगा। बिहार में जिस तरह से निर्वाचन आयोग का अपमान कांग्रेस ने किया है उसी तरह बिहार में राजद सुप्रीमो तेजस्वी यादव की बदजबानी बढ़ती जा रही है। तेजस्वी ने निर्वाचन आयोग के साथ बतमीज से पेश आये और कहा कि चुनाव आयोग मर गया है क्या?सतारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाने से पहले लालू की विरासत सम्भाल रहे तेजस्वी को अपने पिताश्री लालू के कार्यकाल को पढ़ लेना चाहिए। क्योंकि जंगलराज का तमगा बिहार से ही पैदा हुआ है झुमलेबाज बनकर जनता का भरोसा कोई नही जीत सकता है। विश्वास बनाए रखने के लिए त्याग करना पड़ता है। राजनौतिक महत्वकांशा के चलते जिस तरह तेजस्वी ने पाला बदला है।

उससे यही सिद्ध होता है कि राजद सता के लिए छटपटा रही

# बिहार विधानसभा के चुनाव पर लगेगी रोक?

> चुनाव की अधिसूचना जारी होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद मतदाताओं के बैंक खातों में सरकारी योजना का पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ चुनाव आदर्श आचार संहिता का सबसे बड़ा अपराध बताया है। चुनाव आयोग से तुरंत हस्तक्षेप करने और चुनाव प्रक्रिया को रोकने की मांग विपक्ष ने की है। यह मामला मुयमंत्री महिला रोजगार योजना से जुड़ा है। इस योजना में महिलाओं को 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

**सनत जैन**

बिहार विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद महिला मतदाताओं के खाते में पैसा ट्रांसफर करने की शिकायत चुनाव आयोग में होने से हड़कंप मच गया है। पहली बार चुनाव के दौरान मतदाताओं के खाते में सीधा भुगतान किया जा रहा है। इसके प्रमाण मौजूद हैं, जिसके कारण इस आरोप को झुठलाना सत्तापक्ष के लिए आसान नहीं होगा। चुनाव आयोग के लिए भी इसे नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बीच, में यह एक बड़ा राजनीतिक तूफ़ान खड़ा हो गया है। देश के इतिहास में ऐसा मामला पहली बार सामने आया है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद मतदाताओं के बैंक खातों में सरकारी योजना का पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ चुनाव आदर्श आचार संहिता का सबसे बड़ा अपराध बताया है। चुनाव आयोग से तुरंत हस्तक्षेप करने और चुनाव प्रक्रिया को रोकने की मांग विपक्ष ने की है। यह मामला मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से जुड़ा है। इस योजना में महिलाओं को 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। चुनाव अधिसूचना जारी होने के कुछ दिनों पहले ही सरकार ने यह योजना घोषित की थी। योजना लागू होती, उसके पहले ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी थी। विपक्ष का आरोप है, कि 17, 24 और 31 अक्टूबर को लाखों महिलाओं के खातों में करोड़ों रुपए की यह राशि सरकारी खजाने से भेजी गई है। आचार संहिता 6 अक्टूबर से बिहार में लागू हो चुकी थी। विपक्ष के सांसद ने आरोप लगाया है, कि मतदाताओं को अगला पैसा ट्रांसफर 7 नवंबर को बिहार सरकार ने प्रस्तावित किया है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण का मतदान हो चुका होगा और दूसरे चरण के मतदान की तैयारी चल रही होगी। 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान है।

राजद सांसद मनोज झा ने इस मामले पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखते हुए कहा, यह आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट और जानबूझकर किया गया उल्लंघन है। उन्होंने कहा, सत्तापक्ष द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास है। इससे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। चुनाव आयोग के नियमों और आदर्श आचार संहिता का उल्लघन है। मनोज झा ने आयोग से तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बिहार सरकार द्वारा अभी 1 करोड़, 51 लाख महिलाओं के खातों में सैकड़ो करोड रुपए की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। राज्य सरकार का दावा है, भुगतान उन लाभार्थियों को किया गया है, जिनके आवेदन 6 सितंबर से पहले प्राप्त हुए थे। विपक्ष का कहना है, सरकार की यह सफाई चुनावी नैतिकता और आदर्श आचार संहिता के विपरीत है। राशि ट्रांसफर करने की कार्रवाई चुनाव अधिसूचना के बाद हुई है, जिसे किया ही नहीं जा सकता था। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार शिकायत की जांच के लिए प्रारंभिक रिपोर्ट बिहार सरकार से मांगी गई है। आयोग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। राजनीतिक एवं विधि विश्लेषकों का कहना है, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद महिलाओं के खाते में जो राशि ट्रांसफर की गई है वह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे गंभीर चुनावी उल्लंघन है। पूर्व में इंदिरा गांधी का चुनाव सरकारी संसाधनों के सीमित उपयोग के आरोप में रद्द किया गया था। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर शिवसेना के बाल ठाकरे को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। जिसकी पुष्टि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी की थी। वर्तमान मामले को देखते हुए कहा जा रहा, कि वह मामला ऊंट के मुंह में जीरे के समान था। यह मामला कई गुना बड़ा और बहुत गंभीर है। यहां पर चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय लाभ देकर मतदाताओं के वोट लेने का प्रयास है। आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी धन के वितरण पर चुनाव आयोग द्वारा पूर्व में भी कई बार रोक लगाई गई है। ऐसी स्थिति में चुनाव की निष्पक्षता कैसे बनी रह सकती है। सबकी निगाहें चुनाव आयोग पर टिकी हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता के स्पष्ट उल्लंघन के बाद भी जिस तरह से चुप्पी साधकर बैठा है। उसको देखते हुए ऐसा लगता है, कोई कार्रवाई होना संभव नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली सभी को संदेह में डाल रही है। न्यायालय से भी राजनीतिक दलों तथा विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को कोई सहायता नहीं मिल रही है। बिहार की एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह से तारीख पर तारीख मिल रही हैं, इसी बीच बिहार के चुनाव भी संपन्न हो रहे हैं। मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर प्रमाणित आरोप विपक्ष द्वारा लगाए गए। चुनाव आयोग ने किसी भी आरोप की जांच नहीं कराई। कर्नाटक में अवैध रूप से मतदाताओं के नाम काटने की जांच एसआईटी द्वारा की जा रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा एसआईटी को जानकारी नहीं दी जा रही है। ऐसी स्थिति में केंद्रीय चुनाव आयोग कुछ करेगा, इसको लेकर लोंगो को विश्वास नहीं रहा। विपक्षी राजनीतिक दलों और आम जनता के बीच में यह धारणा बनने लगी है। केंद्रीय चुनाव आयोग सरकार के निर्देश पर काम कर रहा है। न्यायपालिका भी सरकार के दबाव में है। ऐसी स्थिति में राजनीतिक दल एवं सामाजिक संगठन जनता के बीच जाकर लड़ाई लड़ने की बात करने लगे हैं। महाराष्ट्र में सभी विपक्षी दलों ने हाईकोर्ट की रोक के बाद भी भारी प्रदर्शन किया। उसमें कहा गया, उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। वह जनता की न्यायालय में अपना पक्ष रखेगे। इसके पहले राहुल गांधी भी बिहार में यात्रा निकालकर वोट चोरी के आरोप में जन जागरण का काम कर चुके हैं। जिस तरह से आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद नगद राशि महिलाओं के खाते में ट्रांसफर की जा रही है, मतदाताओं को प्रलोभन देकर उनके वोट पाने का स्पष्ट प्रयास है। पहले के सैकड़ों उदाहरण हैं, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्ल्घन होने पर कार्रवाई की गई। इस चुनाव आयोग के कार्यकाल में, सत्तापक्ष की अनिमियता को जिस तरह से नजर अंदाज करता है, उसके बाद यह कहा जा सकता है, कि चुनाव तय समय पर ही होंगे। सत्तापक्ष पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं होगी। चुनाव आयोग नोटिस जारी कर जवाब मांग लेगा। जैसे पहले कार्यवाही नहीं हुई, भविष्य में कोई कार्रवाई होना संभव भी नहीं है। ऐसा लोग कहने लगे हैं। जिस तरह से चुनाव आयोग और चुनाव के ऊपर अविश्वास बढ़ रहा है, यह भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव की निष्पक्षता के लिए एक बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग और न्यायपालिका का इस ओर ध्यान देना जरूरी हो गया है।




# महिला लूज के स्वर्णिम युग की शुरुआत विश्वविजय के साथ

> साल 1983 कपिलदेव की अगुवाई में जब भारतीय टीम ने विश्वकप जीता तो भारत के गांव –गांव, गली – गली क्रिकेट पहुंच गया। दशकों बीत जाने के बाद भी उस विश्वकप की चर्चाएं होती हैं, 1983 के बाद जब क्रिकेट लोकप्रिय हुआ तब भारत को सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, अनिल कुंबले जैसे महान क्रिकेटर भारत को मिले।

**दिलीप कुमार पाठक**

एक घटना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देती है। भारत सदियों पहले भी क्रिकेट खेलता था, परंतु भारत में क्रिकेट की क्रांति नहीं आई थी, इससे पहले भारतीय लोगो के लिए क्रिकेट इतना महत्वपूर्ण नहीं था। साल 1983 कपिलदेव की अगुवाई में जब भारतीय टीम ने विश्वकप जीता तो भारत के गांव -गांव, गली - गली क्रिकेट पहुंच गया। दशकों बीत जाने के बाद भी उस विश्वकप की चर्चाएं होती हैं, 1983 के बाद जब क्रिकेट लोकप्रिय हुआ तब भारत को सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, अनिल कुंबले जैसे महान क्रिकेटर भारत को मिले।

बीते कल रविवार को भारतीय महिला टीम ने क्रिकेट के ज़रिए विश्व फतेह कर ली है। भारत ने फाइनल मुकाबले में जिस तरह साउथ अफ्रीका को हराकर विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया, उसे देख हर भारतवासी की आंखों में खुशी के आंसू हैं । सभी भारतीय क्रिकेट फैंस का सीना इस जीत के बाद गर्व से चौड़ा हो गया। भारतीय टीम ने इस जीत के साथ तिरंगा लहराया और इस जीत को देख पूरा हिंदुस्तान भावुक हो उठा। जिस वक्त हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, ऋचा घोष के आंसू बहे रहे थे, उस वक्त उनके साथ पूरा हिंदुस्तान खुशी से भावुक रो रहा था । ये दशकों की मेहनत, संघर्ष एवं प्रतिभा की जीत है। जीत यूँ ही नहीं मिल जाती, भारत की लड़कियों ने क्रिकेट खेलते हुए न जाने कितनी गैर ज़रूरी आलोचना झेली है, जब लोग कहते थे, कि लड़कियों के बस की बात नहीं है विश्वकप जीतना, ये एक दौर को पीछे छोड़ देने की जीत है। ये एक विश्वास समर्पण की जीत है। अंजुम चोपड़ा, मिताली राज, झूलन गोस्वामी आदि क्रिकेटरों ने भारतीय टीम को तो चलाया ही साथ ही पीढ़ियो को भी प्रेरित किया, यही कारण है कि आज महिला ब्लूज में एक से बढ़कर एक सुपरस्टार क्रिकेटरों की फ़ौज है, जो भारत सहित पूरी दुनिया में जानी जाती हैं। अब जब बेटियां विश्व विजेता बनी हैं तो इस जीत की रात पूरे देश के माता-पिताओं ने अपनी बेटियों को क्रिकेटर बनाने का सपना पाल लिया होगा। वो भी अब अपनी बेटियों में हरमन-स्मृति, दीप्ति और शेफाली जैसे बनाना चाहेंगे। महिला क्रिकेटरों की ये जीत इस खिताब से कहीं बड़ी है, क्योंकि ये केवल क्रिकेट के लिहाज से ही नहीं बल्कि भारत के समाज को भी सकारात्मक रूप से बदल कर देने वाला होगा। उन्होंने देश की करोड़ों बेटियों के लिए लोगों का विश्वास जीता है।



1973 वो साल था, जब पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। दशकों बीत गए थे लेकिन महिला ब्लूज खिताब से दूर रही, डायना एडुल्जी से लेकर मिताली राज तक, अंजुम से लेकर झूलन तक तमाम दिग्गज खिलाड़ियों ने विश्वविजेता बनने की अथक मेहनत की, लेकिन ट्रॉफी भारत से दूर ही रही। फिर आया साल 2005 जब पहली बार भारतीय महिला टीम विश्वकप के फाइनल में पहुंची लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रनों से शिकस्त देकर भारत का सपना तोड़ दिया, फिर भारतीय टीम पर तानों की बरसात हुई. लेकिन लड़कियां लड़ीं। 2017 एक बार फिर भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप फाइनल में जगह बनाई, सामने थी इंग्लैंड की टीम लेकिन फिर भारत की उम्मीदों को झटका लगा और इंग्लैंड ने 9 रनों से मैच जीत लिया। फिर सवाल भारतीय बेटियों पर उठे, परंतु महिला ब्लूज ने इतिहास लिख दिया है। यह सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट के स्वर्ण युग की शुरुआत है। अब तक पुरुष टीम के मुकाबले महिला क्रिकेट को कम आंका जाता था, लेकिन इस जीत ने पूरी तस्वीर बदल दी है। अब बीसीसीआई और राज्य संघ महिला क्रिकेट में अधिक निवेश करेंगे, चूंकि अब महिला ब्लूज को देखने के लिए स्टेडियम खचाखच भर जाते हैं, और सबसे बड़ी ताकत भी यही है।

बीसीसीआई के अनुबंध ढांचे में अभी भी बड़ा अंतर है, जहां पुरुष क्रिकेटरों को सालाना अनुबंध में अधिकतम 7 करोड़ रुपये मिलते हैं, वहीं महिला खिलाड़ियों की शीर्ष श्रेणी 50 लाख रुपए मिलते हैं, यह जीत उस असमानता को तोड़ने का पहला कदम बनेगी। यह जीत सिर्फ मैदान की नहीं, बल्कि मानसिकता की जीत है। अब गांव-शहर की लड़कियां क्रिकेट को करियर के रूप में देखेंगी। माता-पिता भी बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। लड़की होकर क्रिकेट जैसी पुरानी सोच को यह जीत हमेशा के लिए बदल देगी। शेफाली, दीप्ति और हरमनप्रीत जैसी खिलाड़ी अब हर लड़की की प्रेरणा बनेंगी। सचिन, धोनी, विराट रोहित की तरह लड़कियां भी नए हेयरस्टाइल, टैटू के साथ युवाओं के लिए नई सुपरस्टार और रोल मॉडल होंगी। भारत की यह जीत लैंगिक समानता की दिशा में बड़ा कदम है। इससे महिला खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी, फिल्मों और मीडिया में उनकी ज्यादा कहानियां आएंगी और समाज महिलाओं के नेतृत्व को नए दृष्टिकोण से देखेगा। यहां से केवल क्रिकेट ही नहीं भारतीय समाज भी बदल जाएगा।

### तीसरे हफ्ते में होगा संभागीय रोजगार मेला का आयोजन

# 15 नवम्बर तक स्वरोजगार के प्रकरणों में स्वीकृत कर वितरण की स्थिति में लायें: कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि शासकीय स्वरोजगार की योजनाओं के माध्यम से थोडी सी आर्थिक मदद कर हितग्राहियों सहित पूरे परिवार का जीवन स्तर सुधारा जा सकता है। स्वरोजगार से जुडे विभागों के अधिकारी और बैंकर्स हितग्राहियों को स्वरोजगार दिलाने संवेदनापूर्वक सकारात्मक भाव से कार्य करें। रीवा कमिश्नर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में मैहर और सतना जिले के बैंकर्स तथा स्वरोजगार की योजनाओं से जुडे विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर इसी माह रीवा में लगने वाले संभागीय रोजगार मेले की तैयारियों तथा सतना और मैहर जिले में विभागों तथा बैंकों को दिये गये लक्ष्यानुसार प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, मैहर कलेक्टर रानी बाटड, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर



विकास सिंह, संयुक्त संचालक रीवा मालवीय, एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो. कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, एलडीएम गौतम शर्मा, एसबीआई और मध्यांचल ग्रामीण बैंक के जीएम तथा नोडल बैंकों के अधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कमिश्नर रीवा संभाग ने संभागीय रोजगार मेला की तैयारी और स्वरोजगार योजनाओं में सतना और मैहर जिले को दिये गये लक्ष्य और आपूर्ति की समीक्षा में अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर कहा कि विभागीय अधिकारी और बैंकर्स योजनााओं में संयुक्त प्रयास कर 15 नवम्बर के पूर्व पर्याप्त संख्या में प्रकरणों में स्वीकृति की कार्यवाही कर वितरण की स्थिति लाये। रीवा में 15 से 20 नवम्बर के बीच संभागीय मेले का आयोजन जायेगा। उन्होंने कहा कि बैंकों में लक्ष्यानुसार पर्याप्त प्रकरण प्रेषित किये जाये। विभागीय अधिकारी और बैंकर्स हितग्राहियों से बातचीत कर प्रोत्साहन और गाइडेंस करें। बैंकर्स बिना कारण कोई भी प्रकरण विभाग को वापस नहीं करेंगे अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों से संवेदना पूर्वक सकारात्मक व्यवहार रखे। आपकी थोडी सी मदद और सहयोग हजारों हितग्राहियों को आत्मनिर्भर और उसके पूरे परिवार का जीवन बदल सकती है।

कमिश्नर रीवा जामोद ने सतना और मैहर जिले के स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य बैंकों को प्रेषित प्रकरण, स्वीकृति एवं वितरण की स्थिति की बैंकवार और योजनावार समीक्षा की। उन्होंने स्वरोजगार योजनाओं में कृषि विभाग की कस्टम हायरिंग, पशुपालन विभाग की आचार्य विद्यासागर योजना और बकरी पालन इकाई, उद्यानिकी की प्रधानमंत्री मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना, जनजातीय विभाग की टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुण्डा आर्थिक कल्याण योजना, अनुसूचित जाति विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना, अनुसूचित जनजाति की डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना, पिछडा वर्ग की मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमक्कड, अर्द्ध घुमक्क्ड जाति कल्याण योजना, नगरीय विकास विभाग की पीएम स्वनिधि योजना, तकनीकी शिक्षा की पीएम विश्वकर्मा योजना और आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह बैंक क्रेडिट लिंकिंग योजना की समीक्षा की।

## ट्रेन में शराब तस्करी करतीं दो युवतियां गिरफ्तार, स्पेशल ट्रेन के एसी-टू कोच से 36 हजार की शराब जब्त



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) और जीआरपी (रेल पुलिस) ने एक संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। रविवार को दोनों एजेंसियों ने मझगवां स्टेशन पर स्पेशल ट्रेन से शराब की तस्करी कर रहीं दो युवतियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 36 हजार 750 रुपए कीमत की 175 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

**राजस्थान से बिहार जा रही थी ट्रेन:** जानकारी के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन राजस्थान के सोगरिया स्टेशन से दानापुर (बिहार) जा रही थी। ट्रेन के एसी-टू कोच (एच-1) की बर्थ नंबर 8 और 9 पर सवार दोनों युवतियां कटनी से प्रयागराज की ओर यात्रा कर रही थीं। मुखबिर से सूचना मिलने पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र यादव और जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राय ने संयुक्त रणनीति बनाकर सतना स्टेशन पर ट्रेन को चेक किया। जांच के दौरान दोनों युवतियों के बैग से शराब की बोतलें बरामद हुईं।

**रीवा जिले की रहने वाली हैं दोनों:** गिरफ्तार युवतियों में एक 23 वर्षीय और दूसरी 24 वर्षीय है। इनमें से एक रीवा शहर की रहने वाली है, जबकि दूसरी रीवा जिले के गोविंदगढ़ की निवासी बताई गई है। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि शराब की यह खेप कटनी से प्रयागराज पहुंचाई जानी थी।

**आबकारी एक्ट में मामला दर्ज:** रेल मार्ग से शराब तस्करी की सूचना मिलने के बाद जीआरपी एसपी सिमाला प्रसाद और आरपीएफ कमांडेंट मुनव्वर खान ने पूरे रूट पर चेकिंग के निर्देश दिए थे। कार्रवाई के बाद दोनों युवतियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के बाद उन्हें 5-5 हजार रुपए के मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

## कोटर से सतना तक की सड़क जर्जर, मरम्मत के नाम पर कर रहे खानापूर्ति

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कोटर से सतना तक की सड़क की जर्जर स्थिति ने सरकार की किरकिरी कर दी है। लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पैच मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। सतना से कोटर तक की सड़क की एक पट्टी पर की गई पैच मरम्मत से स्थिति और भी खराब हो गई है।

इस सड़क पर यात्रा करने वाले वाहन चालक अब उस पट्टी पर उतरने से कतराते हैं, क्योंकि वहां डामर का पैच मरम्मत होने के बावजूद सड़क की स्थिति बेहद खराब है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़क के कारण 20 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लग रहा है। यह स्थिति न केवल यातायात के लिए मुश्किलें पैदा कर रही है, बल्कि विवादित स्थिति भी बन रही है।

सड़क की मरम्मत का कार्य न होने से आमजन में आक्रोश पनप रहा है। लोग लगातार लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक इस समस्या का समाधान किया जाएगा। सरकार को इस मामले में गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

## भारतीय सिंधू सभा ने मनाया संत कंवर राम साहिब का शहीदी दिवस

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारतीय सिंधू सभा ने संत कंवर राम साहिब का 86वां शहीदी दिवस धूमधाम से मनाया। यह भव्य महोत्सव कंवर नगर स्थित जे, के सुखधाम आश्रम में साईं किशोर दास जी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय सिंधू सभा के अध्यक्ष अशोक चांदवानी और भाई अशोक आहूजा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। सभा परिवार के सदस्यों ने इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया कि इस विशेष महोत्सव



की शुरुआत संत कंवर राम साहब के चरणों में पुष्प अर्पित करके की गई। इसके बाद साईं किशोरलाल जी का शॉल और पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया, जो इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाता है।

अध्यक्ष अशोक चांदवानी ने उपस्थित भक्तों को संत की जीवनी का उल्लेख करते हुए बताया कि सूफ़ी संत कंवर राम ने भक्ति मार्ग पर चलकर दीन दुखियों और अपाहिजों की सेवा की। उन्होंने नर सेवा, नारायण सेवा की उक्ति को चरितार्थ करते हुए समाज में एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

संत कंवर राम जी का त्याग और सेवा भावना ने न केवल उनके अनुयायियों को प्रेरित किया, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बना। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री अशोक चांदवानी, भाई अशोक आहूजा, महामंत्री विनोद गेलानी, संजय वाधवानी, इंद्रलाल कापड़ी, रंजीत सेनानी, भरत आहूजा, नारायण दास, गुलाबी शंकर लालवानी, मनीष सदानी, रोहित मोडिया, कन्हैयालाल लालवानी, नानक राम, राजपाल, प्रतापराय गंधेजा, दिलीप सोनी और कई भक्तगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## धारकुण्डी के समीप हुआ सड़क हादसा, चालक गंभीर रूप से घायल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** चित्रकूट के धारकुण्डी थाना क्षेत्र में जरिहा के समीप एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें जमुआनी निवासी अनुराग विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, उनकी मोटरसाइकिल अचानक फिसल गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आरक्षक बृजेश पटेल और चालक संदीप तिवारी ने बिना समय गंवाए घायल को अस्पताल पहुंचाने का निर्णय लिया। उनकी तत्परता और साहस ने इस स्थिति को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आरक्षक बृजेश ने बताया कि उन्होंने घायल की स्थिति को देखते हुए तुरंत प्राथमिक चिकित्सा दी और फिर उसे एंबुलेंस में लिटाकर अस्पताल के लिए रवाना किया। संदीप तिवारी ने भी रास्ते में ट्रैफिक को मैनेज किया, ताकि एंबुलेंस जल्दी से जल्दी अस्पताल पहुंच सके। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अनुराग का इलाज शुरू किया। उनकी त्वरित कार्रवाई से अनुराग को समय पर चिकित्सा मिल गई, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। इस घटना ने यह साबित किया कि आपातकालीन सेवाओं की तत्परता कितनी महत्वपूर्ण होती है। स्थानीय लोगों ने डायल 112 की टीम की सराहना की और कहा कि ऐसे ही साहसी कर्मियों की जरूरत है, जो संकट के समय में मदद के लिए आगे आएं।

## दुकान में अचानक लगी आग, लाखों का सामान खाक; जांच में जुटी पुलिस

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के मझगवां थाना क्षेत्र के पहाड़ीखेरा तिराहे पर रविवार रात एक दुकान में अचानक आग लग गई। इस घटना में दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया, जिससे लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात करीब 8 बजे प्रीतम जायसवाल की दुकान में हुई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दुकान लपटों की चपेट में आ गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका।



इस घटना में दुकान में रखा पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित दुकानदार ने राजस्व अमले को सूचना देने के साथ ही थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है। सोमवार सुबह पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन करेगी।

## रेत के ढेर में छिपा रखी थी कफ सिरप की खेप, ऊपर फैला रखी थी लौकी की बेल; निकालने के लिए बुलानी पड़ी जेसीबी

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** पुलिस ने रविवार कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की है। कफ सिरप बरामद करने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा। पुलिस ने रेत के ढेर में छिपाकर रखी गई 286 शीशी कफ सिरप बरामद की हैं। एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ताला थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सनेही में नंदकिशोर पटेल के घर के बाहर रेत के ढेर में कफ सिरप की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई है। रविवार दोपहर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने पहले खुद फावड़े से रेत हटाकर दो बोरियां निकाली। इसके बाद देर रात जेसीबी बुलाई गई।

**रेत के ढेर पर लगाई लौकी की बेल:** पुलिस ने



बताया कि आरोपी नंदकिशोर ने 4 बोरियों में कफ सिरप भरकर उन्हें अपने घर के सामने रखी रेत के ढेर में छिपा दिया था। उसके ऊपर से लौकी की बेल लगा दी थी ताकि किसी को संदेह न हो। पुलिस ने जेसीबी की मदद से रेत को फैलवाकर उसमें से 286 शीशी कफ सिरप बरामद की। आरोपी नंदकिशोर उर्फ छोटे भइया पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पेशे से किसान है और नशीले कफ सिरप का अवैध व्यापार करता था।

**300 रुपए में बेचता था एक शीशी:** बरामद कफ सिरप की कीमत 57,629 रुपए बताई गई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह 240 रुपए प्रति शीशी खरीदकर 300 रुपए में बेचता था। पुलिस अब इस खेप के स्रोत और अन्य विक्रेताओं के संबंध में जांच कर रही है।

## सिंधी व अग्रवाल समाज ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिंधी और अग्रवाल समाज ने हाल ही में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा महाराजा अग्रसेन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी पर की गई टिप्पणी के खिलाफ आवाज उठाई है। समाज का कहना है कि यह टिप्पणी न केवल अमर्यादित है, बल्कि अक्षम्य भी है।

इसी विषय को लेकर सोमवार को अग्रवाल और सिंधी समाज ने महाराजा अग्रसेन चौक से कलेक्ट्रेट तक एक आक्रोश मार्च निकाला। इस मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मार्च के दौरान समाज के सदस्यों ने महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उचित कार्रवाई की मांग की गई। समाज ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसी विषैले और विकृत मानसिकता रखने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

समाज के नेताओं ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियों से न केवल समाज का अपमान होता है, बल्कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव को भी प्रभावित करती हैं।

इस आक्रोश मार्च ने यह साबित कर दिया कि समाज एकजुट है और किसी भी प्रकार के अपमान को सहन नहीं करेगा। समाज के सदस्यों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि वे अपने धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

# परियोजना और विकास के कार्यो में नहीं हो कोई अवरोध: कलेक्टर

## समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में परियोजना कार्यो की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में संचालित परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि विकास परियोजनाओं के कार्यो में कोई भी रूकावट अथवा अवरोध नहीं होना चाहिए। परियोजना कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे हो, यह विभागीय अधिकारी और कार्यकारी एजेंसी सुनिश्चित करें। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने अंतरविभागीय समन्वय के विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित



विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने रेल्वे लाइन विस्तारी करण, नर्मदा घाटी विकास, जल संसाधन, बाणसागर, मझगवां ब्रांच केनाल, जल निगम, पावर ग्रिड और ट्रांसमिशन, एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, नेशनल हाइवे, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विकास परियोजना कार्यो में भू-अर्जन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकास परियोजना के कार्यो में कोई रूकावट या अवरोध नहीं होना चाहिए। जिस विभाग या एजेंसी को राजस्व या किसी विभाग से कोई रूकावट या दिक्कत आ रही है तो तत्काल संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और कलेक्टर के संज्ञान में लाये।

टीएल बैठक में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से वर्चुअली नहीं शामिल होने पर सेतु निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, पावर ग्रिड के अधिकारियों को प्रत्यक्ष में उपस्थित होकर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। मझगवां विकासखण्ड में सतना बाणसागर समूह-2 जल प्रदाय योजना की रूकावट संबंधी जानकारी में कलेक्टर ने जीएम जल निगम पंकज तंतुवाय और सीईओ जनपद अनिकेत शांडिल्य को मौके पर जाकर अडचन समाप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परियोजना में जहां कही भी टंकी निर्माण में दिक्कते आ रही है। वहां संबंधित सीईओ जनपद समन्वय करें। एमपीआरडीसी ने बताया कि सतना जिले में कुल 4 सडकें है। जिनमें कोठी से सिंहपुर खराब स्थिति में होने पर विभाग को मरम्मत का प्रस्ताव भेजा है। नागौद-कलिंजर मार्ग ठीक है। नागौद-उचेहरा मार्ग पर मेंटीनेंस कार्य चल रहा है। पोडी-परसमनिया सडक अच्छी हालत में है।

धान उपार्जन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि पिछले दो साल में जिन समूहों ने चारों सेशन में उपार्जन का कार्य अच्छी तरह किया है और उनके खिलाफ कोई शिकायतें नहीं है। इस बार उन्हीं समूहों को उपार्जन में रखा जाये। कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी ली। बताया गया कि पंजीयन से शेष रह गए धान खरीदी के किसानों का पंजीयन 6 नवम्बर तक किया जायेगा। इनमें वहीं किसान शामिल होंगे जिनका नाम सूची में दर्ज है। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रेडिंग में कम से कम ए और बी श्रेणी में आने का प्रयास करें।

## राजेंद्र कुमार नें विभिन्न गांवों का किया दौरा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अमरपाटन के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और विधायक डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह दादा भाई ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने बिछिया, रामगढ़, ताला, सिंघौल, जमुना, अजमाइन, भंडरा सहित कई गांवों में असमय वर्षा से फसल के नुकसान का निरीक्षण किया। इस दौरान किसान भाइयों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और फसल के नुकसान के कारण हो रही परेशानियों का दर्द बयां किया। किसानों ने बताया कि अचानक हुई वर्षा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ा है।

डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तुरंत कलेक्टर महोदय से बात की। उन्होंने किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की, ताकि वे अपनी फसल के नुकसान की भरपाई कर सकें।

## देवास में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या:6 महीने पहले हुई थी शादी, एडवरटाइजिंग कंपनी में डिजाइनर के पद पर था



**देवास, एजेंसी।** देवास शहर के मुखर्जी नगर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 31 वर्षीय रोहित धाकड़ ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, घटना बीती रात की है। जब रोहित ने यह कदम उठाया, उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। परिवार के सदस्य गांव बरेली में एक पारिवारिक कार्यक्रम में गए हुए थे।

**छह माह पहले हुई थी शादी :** रोहित की शादी करीब छह महीने पहले ही हुई थी। वह शहर की एक एडवरटाइजिंग कंपनी में डिजाइनर के पद पर कार्यरत था। उसके पिता रमेश धाकड़ गजरा गियर्स से सेवानिवृत्त हैं और बड़ा भाई राहुल धाकड़ निजी कंपनी में काम करता है।

**पुलिस जांच में जुटी :** मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस यह जांच कर रही है कि रोहित ने आत्महत्या जैसा कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

## खाद की बोरियों में दबकर मजदूर की मौत:मेघनगर की एग्रोपोष फैक्ट्री में हुआ हादसा, 20 मिनट बाद निकाली जा सकी लाश



**झाबुआ, एजेंसी।** झाबुआ जिले के मेघनगर स्थित एग्रोपोष इंडिया लिमिटेड खाद फैक्ट्री में रविवार रात 10 बजे एक मजदूर की खाद की बोरियों के नीचे दबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रतलाम जिले के सातरुंडा केलुपाड़ा निवासी 25 वर्षीय सुनील बारदेव पुत्र रमेश बारदेव के रूप में हुई है। सुनील अपने भाई राहुल और अन्य मजदूरों के साथ खाद की बोरियां भर रहा था, तभी अचानक बोरियां गिरीं और सुनील उनके नीचे दब गया। मृतक के भाई राहुल ने बताया कि लगभग 20 मिनट की मशक्कत के बाद सुनील को बोरियों के नीचे से निकाला जा सका। कैलाश बारदेव ने जानकारी दी कि घटना के समय उनके परिवार के छह मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। सुनील को तत्काल मेघनगर के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने रात 11ः30 बजे रिपोर्ट दर्ज की। सोमवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद परिजन शव लेकर गृह गांव केलुपाड़ा के लिए रवाना हो गए।

## थाने में बदमाशों को थर्ड डिग्री, सामने आया वीडियो:माखन नगर टीआई ने पैरों पर लात रखकर बेल्ट से पीटा, डंडे भी मारे

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम क्षेत्र के माखन नगर थाना प्रभारी मदन पवार का सोमवार को एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे दो बदमाशों की हथेलियों और तलुओं पर बेल्ट मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटनाक्रम 25 अक्टूबर का बताया जा रहा है। दोनों वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि थाना प्रभारी मदन पवार ने एक-एक कर दोनों आरोपियों की पिटाई की। सूत्रों के अनुसार, थाने में मौजूद किसी पुलिसकर्मी ने यह वीडियो छिपकर बनाया था।

**पैर पर जूते रखकर बेल्ट से पीटा :** हले वीडियो में थाना प्रभारी एक आरोपी को जमीन पर बैठाकर उसके पैर पर जूते रखते हैं और फिर तलुओं पर बेल्ट से लगातार प्रहार करते हैं। दूसरे वीडियो में आरोपी के बाल पकड़कर बेल्ट और मुक्कों से पीटा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पिटाई झेल रहा आरोपी समीर खान विकलांग है। इस तरह एक आरोपी के पैर पर लात रखकर बेल्ट से पीटते रहे टीआई। इस तरह एक आरोपी के पैर पर लात रखकर बेल्ट से पीटते रहे टीआई। टीआई बोले- बदमाशों को समझाने के लिए की सख्ती वीडियो सामने आने के बाद थाना प्रभारी मदन पवार ने कहा, दोनों बदमाश समीर खान उर्फ पिद्दा और विष्णु कहार क्षेत्र के शातिर अपराधी हैं। उन्होंने राजोन गांव के सरपंच को हत्या की धमकी दी थी और जीतू कीर के घर पहुंचकर हमला करने की कोशिश की थी। समाज में गालियां देने और उपद्रव करने के कारण उन्हें समझाने के लिए सख्ती बरती गई थी।

## एमपी में दो सिस्टम का असर...बारिश का अलर्ट भोपाल, इंदौर-उज्जैन में बादल छाएंगे

**भोपाल, एजेंसी।** लो प्रेशर एरिया (निम्न दबाव क्षेत्र) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के असर से मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन भी बारिश होने के आसार है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में बूंदाबांदी और बादल छाएंगे तो पश्चिमी हिस्से में हल्की बारिश भी हो सकती है। इससे पहले रविवार को कई जिलों में धूप खिली। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, रविवार को उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक निम्न दाब का क्षेत्र और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की एक्टिविटी देखने को मिली। जिसका असर अगले दो दिन यानी, सोमवार और मंगलवार को बना रहेगा।

**यहां दिखेगा सिस्टम का असर :** अगले दो दिन तक भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, सागर और जबलपुर संभाग के 30 से अधिक जिलों में सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। यहां पर बादल, आंधी, गरज-चमक और बारिश वाला मौसम रहेगा।

**दिन के पारे में 2.9 डिग्री तक बढ़ोतरी :** रविवार को ज्यादातर शहरों में धूप खिली रही। इस वजह से दिन के तापमान में 1 से 2.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। भोपाल में पारा 31.1 डिग्री पहुंच गया। इंदौर में 30.1 डिग्री, ग्वालियर में 31 डिग्री, उज्जैन में 30 डिग्री और जबलपुर में 29.8 डिग्री रहा। वहीं, दतिया, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा, रतलाम, श्योपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, खजुराहो, मंडला, नौगांव, सतना, उमरिया में पारा 30 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

**कल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस, प्रदेश में ठंड बढ़ेगी :** 4 नवंबर की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने का अनुमान है। एमपी में इसका 48 घंटे के बाद असर देखने को मिलेगा। उत्तरी हवाएं चलने से दिन में भी पारा लुढ़क सकता है। अक्टूबर में 121% बारिश ज्यादा, नवंबर में तेज ठंड का ट्रेंड प्रदेश में नवंबर महीने में पिछले 10 साल से ठंड के साथ बारिश का ट्रेंड भी है। अबकी बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा।

# बाइक टकराने पर हुआ विवाद : पीछा कर दूध व्यवसायी को मारा चाकू, 4 टांके आए; 8 दिन में चाकूबाजी की तीन घटनाएं

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम शहर में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं हो रही है। रविवार रात बाइक टकराने के विवाद में दूध व्यवसायी का पीछा कर चाकू मार दिया। चाकू से पसली व पीठ पर तीन वार किए। व्यवसायी को 4 टांके आए है। पहले जिला अस्पताल में भर्ती किया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना शहर के माणकचौक थाना अंतर्गत हुई है। धबाईजी का वास निवासी प्रदीप (21) पिता मुकेश गुर्जर को चाकू से हमला किया है। प्रदीप गुर्जर दूध की केन लेकर बाइक से हरमाला रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान इसकी बाइक मोहित पिता गेंदालाल माली से टकरा गई। बाइक टकराने पर दोनों का विवाद हुआ। आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया। प्रदीप बाइक लेकर वहां से निकला। मोहित व उसके एक अन्य साथी ने बाइक से उसका पीछा किया। प्रदीप मालीकुआं में पानी की टंकी के पास पहुंचा तो उसे



मोहित व उसे साथी ने रोका। वहां मोहित ने चाकू निकाला और हमला करते हुए तीन वार कर दिए। प्रदीप के लेफ्ट (बांयी) पसली व पीठ पर दो घाव हुए हैं।

**भाई को फोन कर बताया:** मोहित व उसका साथी चाकू से हमला कर मौके से भाग गए। घायल प्रदीप ने अपने भाई विक्रम को कॉल कर बताया कि मुझे चाकू मार दिया। विक्रम तुरंत मालीकुआं क्षेत्र में पहुंचा। फिर जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद रात में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल के चार टांके आए है। माणकचौक थाना पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। है। पुलिस के अनुसार आरोपी मोहित पिता गेंदालाल माली ने चाकू मारा। आरोपी की तलाशी की जा रही है।

**जवाहर नगर में चाकू मारने वाला आरोपी समीर उर्फ मार्बल गिरफ्तार:** 26 अक्टूबर की रात शहर के थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत जवाहर नगर में एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया है। तीन आरोपी में से एक को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। रविवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जहां से जेल भेज दिया है। जवाहर नगर रतलाम निवासी युवराज सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मैं 26 अक्टूबर को रात 11 बजे दोस्त की दुकान पर बैठा था। उस समय नेपाली उर्फ जफर बदमाश अपने साथी गट्टू व अन्य के साथ आया। उसने आते ही कहा कि शराब पीने के लिए गल्ले में से रुपए निकालकर दें। उसे कहा कि किस बात के पैसे तो वह गालियां देने लगा। एक ने मुझे चाकू मार दिया। मामले में तीनों पर केस दर्ज किया गया। औद्योगिक क्षेत्र थाना टीआई सत्येंद्र रघुवंशी ने बताया कि आरोपी समीर उर्फ मार्बल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी नेपाली उर्फ जफर निवासी पीएंडटी कॉलोनी व गट्टू निवासी विनोबा नगर की तलाश की जा रही है।

**8 दिन में चाकूबाजी की तीन घटनाएं:** रतलाम शहर में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं हो रही है। 26 अक्टूबर को शराब के पैसे नहीं देने पर जवाहर नगर में एक युवक को चाकू मार दिया। इसके बाद 28 अक्टूबर को शास्त्री नगर में कक्षा 11वीं के छात्र को क्लासमेट के साथ आए बाहरी युवकों ने चाकू मार दिया। रविवार (2 नवंबर) शाम फिर से चाकू बाजी की घटना हो गई।

## खंडवा में युवक की चाकू मारकर हत्या : इकलौता बेटा था, परिजन बोले- आरोपी ड्रग्स तस्करी से जुड़े; चार संदेही राउंडअप

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी हैं। घटना शनिवार-रविवार दरमियानी रात 12 बजे की हैं। कमर के नीचे चाकू लगने के बाद ज्यादा ब्लीडिंग होने से युवक ने वारदात स्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में चार संदेहियों को हिरासत में लिया हैं। वहीं परिवार वालों का कहना है कि, आरोपी नशे और खास तौर पर ड्रग्स रैकेट से जुड़े हैं। जिन्होंने बेटे को मौत के घाट उतार दिया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन तीन पुलिया ओवरब्रिज के पास की हैं। लक्की उर्फ लखन पिता दीपक करोले (24) पदमनगर थाना क्षेत्र के सन्मति नगर का रहने वाला था। जिला अस्पताल के सामने चाय की गुमटी चलता था। देर रात तक



जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। परिजन थाने भी गए लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद परिजन ने मोहल्ले में रहने वाले उसके दोस्त आर्यन गोयल से बात की। आर्यन ने बताया कि वह उसे तीन पुलिया तरफ ले गया था। जहां उसके साथ चाकूबाजी की घटना हो गई। तब वह मौके से भागकर घर आ गया था। इधर, परिजन कोतवाली थाने गए तो पता चला कि पुलिस भी एक चाकूबाजी के मामले में घटनास्थल पर पहुंच रही है।

परिजन ने पुलिस से जानकारी ली तो पता चला कि चाकूबाजी में घायल उन्हीं का बेटा है। वे पुलिस के साथ तीन पुलिया के पास पहुंचे तो होटल गुरूकृपा की सीढ़ियों पर युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था।

**अस्पताल ले गए तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया:** पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, हत्याकांड में गोपी यादव और एक नाबालिग सहित अमन लाला का नाम सामने आया है। आर्यन गोयल की भूमिका भी देखी जा रही है। मामले में कोतवाली टीआई का कहना है कि, हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। कुछ संदिग्धों को उठाया गया है, जिनसे कि पूछताछ की जा रही है।

## झकलाय रेलवे गेट के पास युवक को चोर समझकर पीटा

**खेत के टप्पर में सोने जा रहा था, दो युवकों ने डंडों से की पिटाई**

**सिवनी मालवा, एजेंसी।** सिवनी मालवा के झकलाय रेलवे गेट के पास रविवार देर रात एक युवक को चोर समझकर पीटने का मामला सामने आया है। सिवनी मालवा निवासी गणेश कुशवाहा अपने खेत के टप्पर पर सोने जा रहे थे, तभी दो युवकों ने उन्हें डंडों से बुरी तरह पीटा। घायल गणेश कुशवाहा का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल युवक गणेश कुशवाहा ने बताया कि वह अपनी बाइक से खेत के टप्पर पर जा रहे थे। गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर जैसे ही वह खेत की ओर बढ़े, पवन यादव और अमित कुशवाहा नामक दो युवक वहां पहुंचे। उन्होंने बिना कुछ पूछे ÷चोर-चोर÷ चिल्लाते हुए गणेश पर डंडों से हमला कर दिया और जमीन पर गिराकर बेरहमी से पिटाई की। णेश के अनुसार, मारपीट के बाद आरोपी उसे जबरन अपने खलिहान में ले गए, जहाँ उसकी फिर से पिटाई की गई। इसके बाद दोनों युवक उसे घायल अवस्था में सिवनी मालवा अस्पताल लेकर पहुंचे और अस्पताल कर्मियों से कहा कि वह ÷ब्रिज से गिर गया है। सूचना दी। गणेश के पैर में चोटें आई हैं और उनका उपचार जारी है।



## रातापानी टाइगर रिजर्व में बाघ का दीदार, 5 साल का बाघ एक घंटे तक पर्यटकों के सामने अठखेलियां करता रहा

**रायसेन, एजेंसी।** रविवार को रातापानी टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को 5 साल का एक बाघ करीब एक घंटे तक दिखाई दिया। बाघ पर्यटकों के सामने बेखौफ घूमता और अठखेलियां करता रहा। इस नजारे को देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे और अपने मोबाइल व कैमरों में इस पल को कैद किया। बाघ के इस तरह खुले में नजर आने से रिजर्व में पर्यटन गतिविधियों के और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय गाइडों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में बाघ और अन्य वन्यजीवों के लगातार दिखने से पर्यटकों की संख्या में तेजी आई है। राजधानी भोपाल के नजदीक होने के कारण यह टाइगर रिजर्व पूरे साल आकर्षण का केंद्र बना रहता है।



**पर्यटकों के लिए यादगार अनुभव :** पर्यटक धनंजय सिंह और अंजलि सिंह ने बताया कि उन्होंने पहली बार बाघ को इतने नजदीक से देखा, जो उनके लिए जीवनभर याद रहने वाला अनुभव रहेगा। दोनों ने कहा कि रातापानी का प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवों का नजारा अद्भुत है।

**लगातार दिख रहे वन्यजीव:** डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया कि पिछले 15 दिनों में कई बार बाघ पर्यटकों को दिखाई दिया है। झिरी जंगल सफारी मार्ग पर पर्यटकों ने उसके फोटो और वीडियो विभाग ने वन्यजीव संरक्षण और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए गश्त बढ़ा दी है, ताकि पर्यटक सुरक्षित माहौल में वन्य जीवन का आनंद ले सकें।

## पति ने की हंसिये से पत्नी की हत्या:नरसिंहपुर के देवरी खुर्द गांव में घरेलू विवाद के चलते वारदात

**नरसिंहपुर, एजेंसी।** नरसिंहपुर जिले के करेली थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी खुर्द वीरान टोला में घरेलू विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की हंसिया से वार कर हत्या कर दी। आरोपी पति 55 वर्षीय है, जबकि मृतका पत्नी की उम्र 50 वर्ष थी। किसान इंद्रजीत (55) ने रविवार और सोमवार की रात करीब 3ः30 बजे अपनी पत्नी कस्तूरी बाई (50) पर हंसिया से हमला किया। इंद्रजीत ने गुस्से में आकर कस्तूरी बाई की गर्दन और पीठ पर कई वार किए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना किसी ग्रामीण ने डायल 100 पर दी। सूचना मिलते ही करेली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत को हिरासत में ले लिया है। करेली थाना प्रभारी संधीर चौधरी ने मामले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना का कारण घरेलू विवाद और आरोपी की गुस्सैल प्रवृत्ति प्रतीत हो रही है।

## सागर में छत से गिरा युवक, पैरों में आया फ्रैक्चर :पुरव्याऊ टौरी का मामला, पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया

**सागर, एजेंसी।** सागर कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरव्याऊ टौरी इलाके में देर रात एक युवक छत से नीचे गिर गया, जिससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने युवक को चोर बताया है, जबकि पुलिस ने उसे नशे की हालत में बताया और इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल युवक के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

**घायल अवस्था में मिला युवक :** कोतवाली पुलिस के अनुसार, देर रात सूचना मिली कि पुरव्याऊ मंदिर के पास एक युवक घायल हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम अनीश उर्फ हनी चढ़ार (19) निवासी सागर बताया। उसने बताया कि वह शराब के नशे में मंदिर की छत पर चढ़ गया था, जहां से गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

**स्थानीय लोगों ने बताया चोर:** इधर, मोहल्ले के रहवासियों का कहना है कि देर रात इलाके में एक घर से मोबाइल चोरी हुआ था और दूसरे घर में चोरी का प्रयास किया गया था। इसी दौरान एक युवक छत से गिर गया, जिसे लोगों ने चोर बताया। हालांकि,



किसी भी व्यक्ति ने अब तक थाने में चोरी की शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंघल ने बताया कि घायल युवक नशे की हालत में मिला था और उसने खुद ही छत से गिरने की बात कही है। चोरी को लेकर अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## शिकायतों की जांच में लीपापोती से लोकायुक्त नाराज

**भोपाल, एजेंसी।** जिला और जनपद पंचायतों के सीईओ, जिला पंचायत अध्यक्षों, पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत पदाधिकारियों के खिलाफ की जाने वाली शिकायतों की जांच में लीपापोती और अधूरी रिपोर्टों को लेकर लोकायुक्त संगठन ने नाराजगी जताई है। लोकायुक्त की इस नाराजगी के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने लोकायुक्त से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (स्ह्नक्क) तैयार की है। विभाग ने निर्देश दिया है कि आगे से सभी जांच इसी एसओपी के आधार पर की जाएं और रिपोर्ट उसी प्रारूप में प्रस्तुत की जाए। प्राप्त शिकायतों की रिपोर्ट भेजने के लिए निर्धारित एसओपी का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## सिंगरौली में पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार, नींद में महिला ने नहीं सुनी थी आवाज; लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था

**सिंगरौली, एजेंसी।** सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के मटिहानी टोला गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। यह घटना 1 नवंबर की रात को हुई, जब पत्नी के नींद से न उठने पर पति नाराज हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रामबहादुर बैगा रात करीब 9 बजे घर लौटा। उसकी पत्नी केशकली बैगा उस समय सो रही थी। पत्नी के न उठने पर रामबहादुर ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी। उसने केशकली को घसीटकर आंगन में लाया और बांस की लाठी से पीटा, जिससे गंभीर चोटें आई और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय जब रामबहादुर के माता-



पिता ने अपनी बहू को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। वारदात के बाद रामबहादुर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने लगातार तलाशी अभियान चलाकर उसे पड़ोसी गांव से गिरफ्तार कर लिया। चितरंगी थाना प्रभारी सुदेश तिवारी ने बताया कि आरोपी रामबहादुर बैगा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी को पकड़ने में एसडीओपी चितरंगी राहुल कुमार, निरीक्षक सुदेश तिवारी, उप निरीक्षक सूर्यपाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक मोहन पहाड़िया और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच जारी है। विभाग ने कहा है कि अक्सर यह देखा गया है कि लोकायुक्त कार्यालय से विभाग को जांच के लिए जो शिकायतें प्राप्त होती हैं, वे संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों या पंचायत पदाधिकारियों से जुड़ी होती हैं, लेकिन जिलों से अस्पष्ट और अपूर्ण रिपोर्ट भेजी जाती है। ऐसी स्थिति में लोकायुक्त के समक्ष शासन स्तर पर जवाब प्रस्तुत करने में कठिनाई होती है। कई मामलों में लोकायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाती है।इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने सभी बिंदुओं का अध्ययन कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु नई एसओपी तय की है।

## कटनी में दो बाइक की आमने-सामने से टक्कर :एक चालक की मौके पर ही मौत

**कटनी, एजेंसी।** कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे बड़वारा-उमंग नगर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में परसेल निवासी 45 वर्षीय जगलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ठुठीया सलैया निवासी दिलीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दिलीप सिंह कटनी से काम खत्म कर अपने घर लौट रहे थे। वहीं, जगलाल अपने गांव परसेल से बड़वारा की ओर आ रहे थे। उमंग नगर के समीप पहुंचते ही दोनों बाइकों में तेज गति से सीधी भिड़ंत हो गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने बड़वारा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट॥ष्ट) बड़वारा पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों ने जगलाल को मृत घोषित कर दिया। दिलीप सिंह की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल, कटनी रेफर कर दिया गया है। उनकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। बड़वारा थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



# तीन मौके, जब टूर्नामेंट में 3 मैच गंवाकर विश्व कप जीती टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2025 के खिताबी मैच को अपने नाम किया। महिलाओं और पुरुषों के क्रिकेट विश्व कप में ऐसा तीसरी बार हुआ, जब किसी टीम ने तीन मैच गंवाने के बावजूद खिताब अपने नाम किया। पुरुष वनडे विश्व कप 1992 में सबसे पहले ऐसा हुआ था। तब पाकिस्तान की टीम को अपने पहले ही मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 10 विकेट से हार मिली थी। इसके बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ 53 रन से मुकाबला अपने नाम किया। एडिलेड में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मुकाबला बेनतीजा रहा। इसके बाद पाकिस्तान को भारत के हाथों 43 रन से मात झेलनी पड़ी। अगले ही मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 20 रन से मुकाबला अपने नाम किया। पाकिस्तान की टीम अब तक तीन मुकाबले गंवा चुकी थी, लेकिन यहां से उसने ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में भी उसके सामने न्यूजीलैंड की टीम थी, जिसके खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए खिताबी मैच में प्रवेश किया। इसके बाद पुरुष वनडे विश्व कप 2019 में ऐसा हुआ था। इस विश्व कप को इंग्लैंड की टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रोमांचक फाइनल में बाउंड्री के आधार पर जीता था।

इस विश्व कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 104 रन से जीत दर्ज करने के बाद इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ नॉटिंघम में 14 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। यहां से इंग्लैंड ने बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाई, लेकिन अगले दो मुकाबलों में उसे श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली। इंग्लैंड ने ग्रुप चरण के अगले दो मैच भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ जीते। सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर मेजबान टीम ने फाइनल में प्रवेश किया था।

अब महिला वनडे विश्व कप 2025 में ऐसा हुआ था। यह महिला विश्व कप में पहली बार हुआ है, जब किसी टीम ने तीन मैच गंवाकर भी खिताब अपने नाम किया। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 59 रन से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद पाकिस्तान को 88 रन से हराया। शुरुआती दो जीत दर्ज करने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन मुकाबलों में शिकस्त झेलनी पड़ी। ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया के लिए यहां से सेमीफाइनल में प्रवेश करना मुश्किल है, लेकिन उसने न्यूजीलैंड को 53 रन से शिकस्त देकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप मुकाबला बारिश के चलते मुकाबला बेनतीजा रहा। सेमीफाइनल में भारत के सामने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम थी, जिसे 5 विकेट से शिकस्त देने के बाद साउथ अफ्रीका को 52 रन से मात देकर भारत ने पहली बार महिला विश्व कप खिताब अपने नाम किया।

महिला विश्व कप :

## अभी तक विक्ट्री परेड की कोई योजना नहीं, आईसीसी बैठक के बाद तय होगी जश्न की तारीख



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक महिला टीम की ऐतिहासिक विश्व कप जीत का जश्न मनाने के लिए विक्ट्री परेड की योजना को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया है। जश्न की तारीख वरिष्ठ अधिकारियों के 4–7 नवंबर तक दुबई में होने वाली आईसीसी बैठक से लौटने के बाद ही तय की जाएगी। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने दी। देवजीत सैकिया ने आईएएनएस को बताया, अभी तक विक्ट्री परेड जैसी कोई योजना नहीं है। मैं आईसीसी बैठक में हिस्सा लेने के लिए दुबई जा रहा हूं। कई अधिकारी भी वहां जा रहे हैं, इसलिए लौटने के बाद हम उसी के अनुसार योजना बनाएंगे। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए खिताबी मैच में साउथ अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर अपना पहला विश्व कप खिताब जीता।

टीम इंडिया ने शेफाली वर्मा (87), दीप्ति शर्मा (58) और स्मृति मंधाना (45) की शानदार पारियों के दम पर 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 45.3 ओवरों में 246 रन पर ही सिमट गई थी।

सैकिया ने बताया कि बोर्ड एशिया कप ट्रॉफी का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के समक्ष भी उठाएगा, ताकि उसकी वापसी की मांग की जा सके। उन्होंने कहा, हम एशिया कप ट्रॉफी का मामला आईसीसी के समक्ष उठाएंगे।



## आप पर गर्व है, आपकी सफलता करोड़ों नौजवानों को प्रेरित करेगी

● प्रधानमंत्री मोदी ने दी महिला क्रिकेट टीम को बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईसीसी विश्व कप की जीत पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी महिला टीम पर गर्व है। यह सफलता देश के करोड़ों नौजवानों को प्रेरित करेगी। नई दिल्ली में उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह आयोजन साइंस से जुड़ा है, लेकिन मैं सबसे पहले क्रिकेट में भारत की शानदार जीत की बात करूंगा। पूरा भारत अपनी क्रिकेट टीम की सफलता से बहुत खुश है। उन्होंने कहा, यह भारत का पहला महिला विश्व कप है। मैं महिला क्रिकेट टीम को बधाई देता हूं। हमें टीम पर गर्व है। आपकी यह सफलता देश के करोड़ों नौजवानों को प्रेरित करेगी।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में शानदार जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए भारतीय टीम को बधाई दी।

एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा था। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भावी चैंपियनों को खेलों को पेशे के रूप में चुनने के लिए प्रेरित करेगी। बता दें कि महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का फाइनल मुकाबला भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच था। टूर्नामेंट के सबसे बड़े मुकाबले को भारत ने 52 रन से जीता और पहली बार महिला विश्व कप अपने नाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान इसरो की ओर से रविवार को कम्युनिकेशन सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग के बाद भारतीय वैज्ञानिकों को भी बधाई दी। उन्होंने अपने भाषण में कहा, भारत ने साइंस और टेक्नोलॉजी की दुनिया में अपना परचम लहराया। देश के वैज्ञानिकों ने भारत की सबसे हैवी कम्युनिकेशन सैटेलाइट को सफलता पूर्वक लॉन्च किया। मैं इस मिशन से जुड़े सभी वैज्ञानिकों और इसरो को बधाई देता हूं।

## अंडर-14 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता - पांचवें दिन अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**भरतपुर, एजेंसी।** 69वीं राज्य स्तरीय अंडर 14 छात्र छात्रा एथलेटिक्स कीड़ा प्रतियोगिता के पांचवें दिन जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चतुर्वेदी और अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने आवास एवं पंजीयन समिति में लगे प्रभारी अधिकारियों से विभिन्न जिलों से आए हुए खिलाड़ियों कि टीम मैं से कितने जिले प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य मुक्त होकर घर जा चुके हैं इसका फीडबैक प्राप्त किया साथ ही बीकानेर से नियुक्त निर्णायक मंडल सदस्यों से एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शेष रहे इवेंट्स की जानकारी लेकर उनके रहने खाने आदि की जानकारी प्राप्त कर स्थानीय कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए द्य वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह कुंतल के अनुसार आज पांचवे दिन करवाए गए इवेंट्स के परिणाम इस प्रकार है - 1--600 मी छात्रा वर्ग परिणाम-

1-प्रथम-सुमन गुर्जर भीलवाड़ा 1.42.50 मिनट2-द्वितीय-रीत गंगानगर एक 1. 45.04 मिनट3-तृतीय-कल्पना बिश्नोई बाड़मेर 1.47.57 मिनट

2--600 मी छात्र वर्ग परिणाम-1-प्रथम-प्रदीप गंगानगर 1.24 .93 मिनट2-द्वितीय मोहित गंगानगर 1.26.45 मिनट3-तृतीय-केसर बीकानेर 1.27.91 मिनट

3-- 4*100 मीटर रिले छात्रा वर्ग परिणाम-1-प्रथम-सीकर जिला 54.61 सेकंड 2-द्वितीय बीकानेर जिला 55.82 सेकंड 3-तृतीय हनुमानगढ़ जिला 56.04 सेकंड

4-- 4*100 मीटर रिले छात्र वर्ग परिणाम-1-प्रथम सीकर जिला 48.46 सेकंड 2-द्वितीय हनुमानगढ़ जिला 48.65 सेकंड 3-तृतीय बीकानेर जिला 49.25 सेकंड खेल प्रभारी हरीश चतुर्वेदी ने बताया कि कल प्रातः 7~30 बजे से 200 मी छात्र छात्रा की फाइनल दौड़ एवं 400 मी छात्र छात्रा फाइनल दौड़ का आयोजन किया जाएगा साथ ही 1-00 बजे विजेता खिलाड़ियों को मेडल सेरिमनी कर मेडल दिए जाएंगे ।

## डेविड-स्टोनिस पर भारी पड़ी वाशिंगटन की पारी, भारत ने टी20 सीरीज में बराबरी की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होबार्ट में खेले गए तीसरे टी20 मैच को 5 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने 5 मुकाबलों सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 186 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 14 रन तक अपने 2 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से टिम डेविड ने कप्तान मिचेल मार्श (11) के साथ तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। इसके बाद डेविड ने मार्कस स्टोइनिस के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े। टिम डेविड 38 गेंदों में 5 छक्कों और 8 चौकों के साथ 74 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट ने मार्कस स्टोइनिस के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन जुटाकर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

स्टोइनिस 39 गेंदों में 2 छक्कों और 8 चौकों के साथ 64 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने नाबाद 26 रन बनाए।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने सर्वाधिक 3 विकेट निकाले, जबकि वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट अपने नाम किए। इनके अलावा, शिवम दुबे को 1 सफलता हाथ लगी।

इसके जवाब में भारत ने 18.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी के बीच 3.3 ओवरों में 33 रन की साझेदारी हुई। शर्मा 16 गेंदों में 2 चौकों और इतने ही छक्कों के साथ 25 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे सूर्यकुमार यादव ने 24, जबकि तिलक वर्मा ने 29 रन की पारी खेली।

भारतीय टीम 14.2 ओवरों में 145 के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से वाशिंगटन सुंदर ने जितेश शर्मा के साथ छठे विकेट के लिए 43 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को जीत दिलाई।

वाशिंगटन 23 गेंदों में 49 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। वहीं, जितेश ने 13 गेंदों में 22 रन की नाबाद पारी खेली।

टी20 सीरीज का पहला मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा था। अगले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज की थी। अब सीरीज का चौथा मैच गोल्ड कोस्ट में 6 नवंबर को खेला जाएगा।

भारत की पहली महिला विश्व कप जीत

## बीसीसीआई ने टीम और सहयोगी स्टाफ के लिए 51 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की




**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप का खिताब जीत लिया। मुंबई के डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया। पूरे देश में जश्न का माहौल है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए 51 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की है। उन्होंने इसे भारतीय महिला क्रिकेट के लिए बड़ा पल बताया। आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल ने भी इस जीत की तुलना 1983 में पुरुष टीम द्वारा जीते गए विश्व कप से की। उन्होंने कहा कि आज का दिन महिला क्रिकेट के इतिहास में यादगार बन गया है, और अब महिला क्रिकेट नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

धूमल ने आईएएनएस से कहा, यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दिन है। पुरुष टीम ने 1983 में जो हासिल किया था, उसे भारतीय महिलाओं ने आज मुंबई में दोहराया है। यह ऐतिहासिक जीत देश में महिला क्रिकेट को जबरदस्त बढ़ावा देगी और मुझे विश्वास है कि हमारा खेल अब नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87 रन, दीप्ति शर्मा ने 58 रन और स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। भारत की सलामी जोड़ी ने 100 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन भारत ने जल्दी-जल्दी विकेट लेकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट लिए। शेफाली वर्मा ने भी गेंद से कमाल दिखाते हुए 2 विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट ने 101 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम 246 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट में एक नए दौर की शुरुआत हो गई है।

## अमनजोत कौर की दादी को आया हार्ट अटैक, इस कारण पिता ने बेटी से छिपाई बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर अमनजोत कौर ने वर्ल्ड कप 2025 के दौरान अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया। लेकिन उनके परिवार के लिए यह टूर्नामेंट भावनात्मक रूप से बेहद कठिन रहा। अमनजोत की दादी भगवंती कौर को टूर्नामेंट के बीच में हार्ट अटैक आया था, जिसकी जानकारी उनके पिता भूपिंदर सिंह ने बेटी से छिपाई ताकि उसका ध्यान सिर्फ टीम की जीत पर बना रहे। फाइनल में अमनजोत ने बल्ले या गेंद से ज़्यादा कमाल नहीं दिखाया, लेकिन फील्डिंग में उनका योगदान मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। 42वें ओवर में उन्होंने लॉरा वोल्वार्ट का अहम कैच पकड़कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अमनजोत कौर के पिता भूपिंदर सिंह ने बताया, मेरी मां हमेशा अमनजोत की ताकत रही हैं। जब वह सड़क पर लड़कों के साथ क्रिकेट खेलती थी, मां हमेशा उसका साथ देती थीं। इस बार हम सब अस्पताल में उनकी देखभाल में व्यस्त थे, लेकिन भारत की जीत ने हमारे लिए बड़ी राहत दी है। उन्होंने यह भी कहा कि दादी के ठीक होते ही परिवार इस जीत का जश्न धूमधाम से मनाएगा। अमनजोत की क्रिकेट यात्रा भी प्रेरणादायक रही है – मोहाली की गलियों से लेकर मुंबई इंडियंस और टीम इंडिया तक। उनके कोच नागेश गुप्ता ने शुरू से ही उनमें एक बेहतरीन ऑलराउंडर की झलक देखी थी।

## वर्ल्ड कप फाइनल में दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाली बनीं पहली खिलाड़ी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने महिला वनडे विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड कप इतिहास में नया कीर्तिमान रच दिया। दीप्ति ऐसी पहली खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने किसी एक संस्करण में 200 से अधिक रन बनाए और 15 या उससे ज़्यादा विकेट लिए। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डी.वाई. पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में उन्होंने 58 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और भारत को 298/7 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने साबित किया कि वह भारत की सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक क्यों हैं।

दीप्ति ने पूरे टूर्नामेंट में 7 पारियों में 215 रन बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल रहे – श्रीलंका के खिलाफ 53 रन, इंग्लैंड के खिलाफ 51 रनऔर फाइनल में 58 रन।

गेंदबाज़ी में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने कुल 17 विकेट लिए और संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज़ रहीं। इंग्लैंड के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 विकेट पर 51 रन रहा, जबकि श्रीलंका (3/54) और पाकिस्तान (3/45) के खिलाफ भी उन्होंने प्रभावशाली स्पैल डाले।

**हरमनप्रीत ने फैन्स का जताया आभार:** हरमनप्रीत ने कहा, भीड़ ने हमें हर उतार-चढ़ाव में साथ दिया। तीन मैच लगातार हारने के बाद भी विश्वास नहीं टूटा। यही हमारा असली हौसला था।

## बीसीसीआई की चेतावनी: 3 नवंबर तक एशिया कप ट्रॉफी नहीं मिली तो ICC के पास ले जाएगा मामला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई ने कहा है कि अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) द्वारा 3 नवंबर तक एशिया कप ट्रॉफी नहीं सौंपी गई, तो यह मामला आईसीसी (ICC) के सामने उठाया जाएगा।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि भारत को अब तक ट्रॉफी नहीं मिली है। उन्होंने कहा, हमने 10 दिन पहले एसीसी चेयरमैन को पत्र लिखकर ट्रॉफी सौंपने का अनुरोध किया था, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। अगर हमें 3 नवंबर तक ट्रॉफी नहीं मिलती, तो हम 4 नवंबर को दुबई में आईसीसी बैठक में यह मुद्दा उठाएंगे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब भारत ने एशिया कप फाइनल के बाद पीसीबी प्रमुख और एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एक अधिकारी ने मंच से ट्रॉफी हटाकर बिना किसी स्पष्टीकरण के मैदान से बाहर ले गया।

हालांकि इस विवाद के बावजूद, भारतीय टीम ने अपनी जीत का जश्न मनाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मज़ाकिया अंदाज में रोहित शर्मा के 2024 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल वाले जश्न की नकल करते हुए काल्पनिक ट्रॉफी उठाई और टीम के साथ सेलिब्रेट किया।

# 25 वर्षों की यह यात्रा गर्व और नए संकल्प का अवसर है: राज्यपाल डेका



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव के दूसरे दिन राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह रजत जयंती वर्ष बीते हुए सफर को याद करने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ का गठन हुआ था, तब यह उम्मीदों और चुनौतियों से भरा राज्य था। पिछले पच्चीस वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बिजली, सड़कों और संस्कृति सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है, जिसने कम समय में अपनी प्रतिभा और क्षमताओं से देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

श्री डेका ने ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी, तथा राज्य निर्माण का स्वप्न देखने और उसे साकार करने के लिए संघर्ष करने वाले सभी महापुरुषों को नमन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा जनकल्याण की दिशा में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, जनजातीय समाज, महिलाएं और युवा वर्ग सशक्त हो रहे हैं।

राज्यपाल श्री ने कहा कि बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की एक ठोस नींव रखी है। यहां की सांस्कृतिक पहचान, प्राकृतिक संपदा और मेहनती जनता इस राज्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ प्रकृति का संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। नक्सल समस्या पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ अब नक्सलमुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिन इलाकों में कभी डर और हिंसा थी, वहां आज सड़कों का निर्माण हो रहा है, स्कूल खुल रहे हैं और बच्चों के चेहरे में मुस्कुराहट है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे किसान, मजदूर, युवा और महिलाएं इस राज्य की असली ताकत हैं। उनकी मेहनत और संकल्प ही छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाएंगे। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष में हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ सुशासन, विकास और भाईचारे का आदर्श राज्य बने। हम सब मिलकर अपने संसाधनों का संतुलित और बेहतर उपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत उद्बोधन संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव डॉक्टर रोहित यादव ने दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को राज्योत्सव में आकर विकास प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाने का आग्रह किया । आभार प्रदर्शन संचालक श्री विवेक आचार्य ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने समारोह में प्रस्तुति देने वाले गायक श्री आदित्य नारायण, पद्मश्री डोमार सिंह सहित अन्य कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी, साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन सहित दर्शक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आस्था ने छुआ हृदय: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रामनामी समाज के प्रतिनिधियों की आत्मीय भेंट

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर साझा किया यह भावनात्मक पल



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रामनामी समाज के बीच आत्मीय संवाद का एक वीडियो देश में तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इसे भावनात्मक और प्रेरणादायी पल बताया है ।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित रजत महोत्सव के दौरान एक हृदयस्पर्शी दृश्य उस समय देखने को मिला, जब रामनाम में लीन जीवन जीने वाले रामनामी समाज के प्रतिनिधियों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के रायपुर प्रवास से कुछ ही घंटे पहले मंत्रालय में रामनामी समुदाय के प्रतिनिधियों से उनकी भेंट हुई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री जी से मिलने की अपनी प्रबल इच्छा व्यक्त की थी, जिसके अनुरूप इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब रजत महोत्सव के दौरान रामनामी समुदाय के ये श्रद्धालु प्रधानमंत्री श्री मोदी से मिले, तब उन्होंने बड़े आदर और प्रेम से प्रधानमंत्री जी को अपने पारंपरिक मोर मुकुट से मुख्य मंच पर अलंकृत करने की अभिलाषा प्रकट की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिस सहजता, स्नेह और आत्मीय भाव से उनके इस अनुरोध को स्वीकार किया, वह क्षण वहां उपस्थित सभी लोगों के लिए अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायी बन गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनाम ही जिनका धर्म, रामभक्ति ही जिनका कर्म - ऐसे अद्भुत और राममय रामनामी समाज के सदस्यों के तन पर अंकित 'राम' केवल एक नाम नहीं, बल्कि समर्पण, तपस्या और अटूट आस्था का प्रतीक है। यह समुदाय अपने तन, मन और जीवन को प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित कर देता है – यही उनकी जीवन साधना है।

## चिरमिरी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी ( निप्र )।** वार्ड क्रमांक 34 के पुराना गोदरीपारा क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह द्वारा स्थानीय नागरिकों, स्कूल के छात्र–छात्राओं, कॉलेज विद्यार्थियों, महिलाओं एवं पुरुषों को साइबर जागरूकता संवाद, यातायात सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध की रोकथाम तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को सुरक्षा नियमों के पालन, ऑनलाइन ठगी से बचाव एवं समाज में बढ़ते अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर पार्षद राहुल भाई पटेल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वार्ड के तालाब में एक युवक की डूबने से मृत्यु हो गई थी, जिसे बचाया नहीं जा सका। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए उन्होंने वार्डवासियों को वाटर सेफ्टी लाइफबॉय थाना प्रभारी विजय सिंह के हाथों रिंग प्रदान किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह कदम सुरक्षा दृष्टि से उठाया गया है ताकि भविष्य में जलाशयों के आसपास होने वाली किसी भी दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान काफी संख्या में वार्ड वासी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## लोगों ने जनसम्पर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी को सराहा

### राज्य की उपलब्धियों और योजनाओं की दिखी झलक



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर अटल नगर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित 5 दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी दूसरे दिन लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, विकास कार्यों, सामाजिक उत्थान, महिला सशक्तिकरण तथा डिजिटल प्रगति को छायाचित्रों और आंकड़ों के साथ रोचक रूप में प्रदर्शित किया गया है। एलईडी स्क्रीन पर लगातार प्रसारित हो रही ÷सॉफ्ट स्टोरी÷ के माध्यम से लोग योजनाओं को सहज और सरल तरीके से समझ रहे हैं।

नयापारा राजिम से आई मां दुर्गा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे बेहद उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। समूह की अध्यक्ष श्रीमती नेहा साहू ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। साथ ही उनके बच्चे को आंगनवाड़ी केंद्र से पूरक पोषण आहार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समूह की सचिव श्रीमती संतोषी साहू ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यहां प्रदर्शित योजनाओं से उन्हें कई नई जानकारियां मिलीं।

प्रदर्शनी में पहुंची नवीन कॉलेज की छात्राएं कुमारी टीनू साहू, खुशबू साहू, पाखी सोनवानी, प्रियंका, काजल निहाल और कंचन यादव ने कहा कि महतारी वंदन योजना, भर्ती में पारदर्शिता और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना जैसी लोगों के लिए वरदान हैं। उन्होंने कहा हम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है और यह जानकर अच्छा लगा कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। राज्योत्सव घूमने आई रायपुर की पारुल चंद्राकर, सोनाली धुरंधर और विधि धुरंधर ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल और स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की गई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को योजनाओं की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में उपलब्ध प्रचार सामग्री अत्यंत उपयोगी है, जिससे आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझने में मदद मिल रही है। राज्योत्सव में प्रदर्शनी देखने पहुंचे अन्य दर्शकों ने भी विभाग द्वारा प्रस्तुत सामग्री, पोस्टर और ऑडियो-वीडियो प्रदर्शनों की प्रशंसा की। यह प्रदर्शनी न केवल जानकारी प्रदान कर रही है, बल्कि लोगों को शासन की योजनाओं से जुड़ने और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी कर रही है।

पुलिस प्रशासनिक अकादमी चंद्रखुरी में प्रशिक्षणरत इंद्रजीत सिंदार ने राज्योत्सव स्थल पर जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि विभाग द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं को बहुत ही सरल और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में उपलब्ध प्रचार सामग्री न केवल जानकारीपूर्ण है, बल्कि आम जनता को योजनाओं के लाभ से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होगी।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी की छात्रा अंशिका कुंडू एकल नृत्य में प्रथम प्राप्त किया



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी ( निप्र )।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी की कक्षा चौथी की छात्रा अंशिका कुंडू ने छ.ग. राज्य के 25 वर्षों की प्रगति और विकास की गौरवशाली यात्रा पर आयोजित रजत महोत्सव 2025 में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान अंशिका के मनमोहक नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्णायकों ने उनके भाव, ताल और अभिव्यक्ति की सराहना की। इस अवसर पर आदरणीय रामनरेश राय महापौर नगर पालिक निगम चिरमिरी , कलेक्टर एम.सी.बी , पुलिस अधीक्षक एम.ससी.बी , जिला शिक्षा अधिकारी एम.सी.बीउपस्थित थे जिन्होंने अंशिका की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दिया ।

विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर अंशिका को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.के.उपाध्याय ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही विद्यालय की पहचान होते हैं।

# रजत जयंती वर्ष की प्रदर्शनी में दिखी प्रदेश की जल यात्रा की झलक

### 25 वर्षों में सिंचाई क्षमता में 61 प्रतिशत की वृद्धि




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत नवा रायपुर में लगाई गई जल संसाधन विभाग की प्रदर्शनी में राज्य में सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि को दर्शाया गया है। राज्य में सिंचाई क्षमता 13.28 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 21.76 लाख हेक्टेयर हो गई है। इस अवधि में सिंचाई क्षमता में 8.48 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है।

जल संसाधन विभाग की प्रदर्शनी में सिंचाई क्षमता में वृद्धि को आकर्षक मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इसको देखने के लिए युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। डोम में लगाए गए प्रदेश के नक्शे मॉडल में प्रमुख सिंचाई योजनाओं, नहर तंत्र और जलाशयों को इंटरएक्टिव रूप में दिखाया गया है, जिससे आगंतुक आसानी से परियोजनाओं की संरचना और इसके लाभ को समझ पा रहे हैं।

प्रदर्शनी में विशेष रूप से अटल सिंचाई योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के मॉडल लगाए गए हैं। साथ ही जशपुर जिले की मैनी नदी पर प्रस्तावित सौर चालित बगिया दाबित सिंचाई परियोजना, खारंग जलाशय की पाराघाट व्यपवर्तन योजना, बिलासपुर जिले की छपराटोला फीडर जलाशय योजना, तथा महानदी पर प्रस्तावित मोहमेला सिरपुर बैराज को आकर्षक मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही राज्य की प्रस्तावित परियोजनाओं के रूप में सिकासार-कोडार लिंक परियोजना, बोधघाट बहुउद्देशीय बांध परियोजना, तथा इंद्रावती-महानदी रिवर इंटरलिंकिंग परियोजना को भी जीवंत मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जिससे दर्शकों को जल संसाधन के क्षेत्र में राज्य की भावी योजनाओं की झलक मिल रही है।

छत्तीसगढ़ में निर्माण के समय राज्य में केवल 3 वृहद परियोजनाएँ, 29 मध्यम परियोजनाएँ और 1945 लघु सिंचाई योजनाएँ संचालित थीं। 25 वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 8 वृहद, 38 मध्यम और 2514 लघु योजनाएँ हो गई हैं। राज्य में सिंचाई क्षमता 13.28 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 21.76 लाख हेक्टेयर हो गई है। यानी सिंचाई क्षमता में 8.48 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है, जो कि 61 प्रतिशत है। इसी प्रकार सिंचाई का प्रतिशत 23.28 प्रतिशत से बढ़कर 38.15 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2000 में जहाँ नहरों की कुल लंबाई 14,381 किलोमीटर थी, वहीं अब यह बढ़कर 19,371 किलोमीटर हो गई है। कुल नहरों की संख्या 3,993 से बढ़कर 5,458 हो गई है।

**जल संरक्षण में छत्तीसगढ़ का देश में परचम** – छत्तीसगढ़ ने 4 लाख 05 हजार 563 जल संरक्षण कार्यों के साथ देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जल संचय-जन भागीदारी 1.0 कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर नगर निगम ने 33,082 जल संरक्षण कार्य पूर्ण कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए रायपुर नगर निगम को 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार बालोद और राजनांदगांव जिलों को भी अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2-2 करोड़ रुपये का पुरस्कार प्राप्त होगा। साथ ही महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद, बिलासपुर, रायगढ़, धमतरी, सूरजपुर और दुर्ग जिलों को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। ये उपलब्धियाँ प्रदेश की जनभागीदारी आधारित जल संरक्षण नीति की सफलता को प्रमाणित करती हैं।

## राज्योत्सव में जनसम्पर्क विभाग के स्टॉल में लोगों को मिली शासकीय योजनाओं की जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** कोरबा शहर के घन्टाघर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर ओपन आडिटोरियम परिसर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न विभागों द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के 25 वर्ष के विकास प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। जिले के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, युक्तियुक्त करण एवं अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे नल, पहाड़ी कोरवाओं के युवा बेरोजगारों को मिली नौकरी के बाद जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं के लाभ से जीवन में आए बदलाव को बताया गया।

स्टॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन, सुशासन तिहार 2025, सेवा समर्पण सुशासन, नवाचार की योजनाएं, विकसित भारत की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ सहित अन्य ब्रोसर,पाम्पलेट व पत्रिकाओं का वितरण भी आमनागरिको को किया गया। यहाँ से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर युवाओं द्वारा बताया गया कि जनमन जैसी पत्रिका उनके लिए बहुत उपयोगी है। पत्रिका में शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी होती है। जो कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में काम आती है। साथ ही आमजनों को स्टॉल में लगी फोटो प्रदर्शनी के माध्यम अनेक विभागीय योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त हुई। जिससे वे उन योजनाओं से जुड़कर निश्चित ही लाभांवित होंगे।

## राज्योत्सव में बॉलीवुड के पार्श्व गायक आदित्य नारायण सहित छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने बिखेरा रंग

### सुरमई शाम से सजी महफ़िल



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य राज्योत्सव में आज बॉलीवुड के गीत-संगीत के साथ छत्तीसगढ़ की लोककला, संगीत और नृत्य की ऐसी रंगीन छटा बिखरी कि शाम सुरमई हो गई। सतरंगी छटा में गीतों की यूँ महफ़िल सजी की हर कोई गाते गुनगुनाते, थिरकते नजर आए। शाम ढलने के साथ गीत-संगीत के बढ़ते कारवाँ में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ी सुर-ताल से दर्शक-श्रोता झूम उठे। प्रख्यात छत्तीसगढ़ी गायक श्री सुनील तिवारी ने अपनी टीम के साथ लोकगीतों के स्वर से परंपरा और आधुनिकता के संगम से सजी इस सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों के दिलों में गहरा प्रभाव छोड़ा। वहीं गीत-संगीत की सजी महफ़िल में बॉलीवुड के महशूर पार्श्व गायक आदित्य नारायण ने गीतों से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात लोकगायक सुनील तिवारी की प्रस्तुति से हुआ। राज्य अलंकरण चक्रधर कला सम्मान (2021) से सम्मानित तिवारी ने अपने लोकगायन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने जब ÷मोर भाखा के संग दया मया के सुघ्घर हवे मिलाप रे÷ और ÷अइसन छत्तीसगढ़िया भाखा कौनो संग÷ गुनगुनाया, तो पूरा दर्शकदीर्घा तालियों की गूंज से भर उठा। लोकगीतों की लड़ी में राऊत, राजगीत, ददरिया, सोहर, विवाह, पंथी और होली जैसे गीतों के साथ उन्होंने छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू बिखेर दी। उनके गीत पता ले जा रे गाड़ी वाला..., अरपा पैरी के धार... और मोर संग चलव रे... ने दर्शकों को लोकसंगीत की उस दुनिया में पहुंचा दिया जहां परंपरा, भावना और माटी एकाकार हो जाते हैं। सामूहिक कर्मा नृत्य के माध्यम से गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले श्री तिवारी ने अपनी प्रस्तुति से लोकगायन की गरिमा को नए शिखर पर पहुंचाया।

**चिन्हारी – द गर्ल बैंड ने बढ़ाई चमक:** इसके बाद मंच पर आई जयश्री नायर और मेघा ताम्रकार की 'चिन्हारी - द गर्ल बैंड' ने अपने ऊर्जावान प्रदर्शन से राज्योत्सव में नई ताजगी भर दी। उनकी गायकी में जहां लोकधुनों की आत्मा थी, वहीं संगीत संयोजन में आधुनिकता की झलक। बैंड की प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि परंपरा और नवाचार का संगम ही आज की नई पहचान है। दर्शकों ने तालियों और उत्साह से उनका स्वागत किया। सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड के नामचीन गायक आदित्य नारायण ने सबके जुबां में रची बसी फेमस गीत- पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा.., पहला नशा.. पहला खुमार.., बिन तेरे सनम.., जो तुम न हो..,अपना बना लो पिया, केशरिया इश्क है तेरा, वादा रहा सनम..., ये काली-काली आँखे.., कोई मिल गया, मेरा दिल गया..., जाने जा.., मैं निकला गड्ड़ी लेके..की प्रस्तुति से माहौल को उल्लासमय बना दिया और खूब तालियां बटोरी।

उनकी संवाद शैली, हाव-भाव और जीवंत अभिनय ने संगीत की गहराई को दर्शकों के सामने साकार कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पद्मश्री डोमार सिंह कंवर की नाचा प्रस्तुति ने राज्योत्सव में ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना दिया। उनकी नाट्य शैली और छत्तीसगढ़ी हाव-भाव से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों को लोककला की गहराई से जोड़ दिया। नाचा की पारंपरिक झलक और लोक संस्कृति की जीवंतता ने राज्योत्सव के मंच को अविस्मरणीय बना दिया। राज्योत्सव की यह संध्या छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, संगीत और कलात्मक वैभव के साथ बॉलीवुड गीतों के आनंदमय प्रस्तुति राज्य के गौरवपूर्ण उत्सव बन गई। उपस्थित दर्शकों ने हर प्रस्तुति पर तालियों से अपनी प्रसन्नता जताई। यह सांस्कृतिक संध्या न केवल एक कार्यक्रम रही, बल्कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की सांस्कृतिक यात्रा का सजीव दस्तावेज बन गई, जहां हर गीत, हर नृत्य, और हर ताल में राज्य की समृद्ध कला और संस्कृति देखने को मिली।

## सशक्त नारी, समृद्ध छत्तीसगढ़

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** प्रधानमंत्री मोदी की सौगातों से आरम्भ छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का आज दूसरा दिन भी कई कारणों से ध्यान आकर्षित करने वाला रहा है। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव की उपलब्धियों में शामिल महिला एवं बाल विकास विभाग की स्टॉल महिला सशक्तिकरण की अप्रतिम उदाहरण है। इस स्टॉल में जाकर ऐसा लगता है जैसे यहाँ सिर्फ प्रदर्शनी नहीं, बल्कि महिलाओं के बदलते जीवन की गाथा सजी हुई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की इस स्टाल में यहाँ हर योजना से जुड़ी महिलाओं की मुस्कान आत्मविश्वास की कहानी कहती है और हर उत्पाद उस मेहनत का प्रतीक है, जिसने घर की सीमाओं से बाहर आकर एक नई पहचान बनाई है।

**महतारी वंदन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती कदम:** महतारी वंदन योजना की राशि छत्तीसगढ़ की महिलाओं की नई कहानी लिख रही है। हर महिला के लिए प्रति माह मिलने वाली 1000 रुपए अब सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और स्वावलंबन का प्रतीक बन चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु प्रारंभ की गई महिला उत्थान योजना आज हज़ारों घरों में नई ऊर्जा भर रही है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रुपए की मासिक सहायता राशि दी जा रही है, जो उनके लिए आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी बनी है।

**पुष्पा बाई की मुस्कान में आत्मविश्वास की चमक:** अभनपुर की पुष्पा बाई पहले घर के छोटे-मोटे खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर रहती थीं। लेकिन जब उन्हें महिला उत्थान योजना के तहत हर महीने 1000 रुपए मिलने लगी, तो उन्होंने अपने सपनों को सिलाई मशीन से जोड़ दिया। आज वे न केवल अपने गाँव की महिलाओं के कपड़े सिलती हैं, बल्कि आस-पास के हाट-बाज़ार में अपने बनाए बैग और बच्चों के कपड़े बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी कमा रही हैं। पहले मैं सोचती थी कि 1000 रुपए से क्या होगा, लेकिन अब समझ आई कि यही मेरे आत्मनिर्भर बनने की पहली सीढ़ी थी। उपरवारा की मंजू ने इस राशि को अपने सपनों का बीज बना लिया। उन्होंने 1000 रुपए से सब्जी के पौधे और बीज खरीदी और घर के पीछे की छोटी-सी ज़मीन में एक पौष्टिक बाड़ी तैयार की।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा